# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, शुक्रवार, 20 जून 2025

संवत 2082, आषाढ़ कृष्ण 9 मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 286 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ प्रजनन दर गिरने के बावजूद भारत जनसंख्या में सबसे आगे

पूर्व पति संजय कपूर को अंतिम विदाई देते वक्त रो पड़ीं करिश्मा कपूर ◀◀ 6


### पुरुलिया-टाटा रोड पर भीषण सड़क हादसा

# ट्रेलर और बोलेरो के बीच टक्कर में 9 लोगों की मौत

- बोलेरो में सवार सभी लोग पश्चिम बंगाल से झारखंड आ रहे थे
- शादी समारोह से लौट रहे थे सभी

**पुरुलियाः** पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले में शुक्रवार को एक भीषण सड़क हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई। यह हादसा बलरामपुर थाना क्षेत्र के नामशोल के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 18 पर हुआ, जब पीड़ित एक शादी समारोह से लौट रहे थे। नामशोल में बोलेरो की तेज रफ्तार ट्रक से आमने-सामने टक्कर हो गई। पीड़ित पुरुलिया के बड़ाबाजार थाना क्षेत्र के अदबाना गांव से झारखंड के नीमडीह थाना क्षेत्र के तिलाईटांड जा रहे बोलेरो वाहन में सवार थे।

बंगाल में कार-ट्रक की टक्कर में नौ लोगों की मौतः पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना जिले के बलरामपुर पुलिस थाने की सीमा के भीतर नामशोल गांव में राष्ट्रीय राजमार्ग-18 पर सुबह करीब साढ़े छह बजे हुई। बलरामपुर पुलिस थाने के प्रभारी सौम्यदीप मलिक ने बताया, राजमार्ग पर एक एसयूवी और ट्रक के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई, जिसमें चार पहिया वाहन में सवार सभी नौ लोगों की मौत हो गयी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन पहचान से परे क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एसयूवी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय निवासी और आपातकालीन प्रतिक्रिया दल तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और यात्रियों को बचाने की कोशिश की। प्रयासों के बावजूद, सभी नौ व्यक्तियों को पास के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मृत घोषित कर दिया गया। एक स्थानीय प्रत्यक्षदर्शी ने इस दृश्य को भयावह बतायाः टक्कर बहुत जोरदार थी। हमने मदद करने की कोशिश की, लेकिन नुकसान बहुत गंभीर था।

पुलिस ने जांच शुरू की, तेज गति से वाहन चलाने का संदेह पुरुलिया के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एसपी) ने घटना की पुष्टि की और कहा कि दुर्घटना के सटीक कारण का पता लगाने के लिए विस्तृत जांच चल रही है। प्रारंभिक निष्कर्ष इस त्रासदी के पीछे तेज गति से वाहन चलाने और चालक की लापरवाही को संभावित कारण बताते हैं। फोरेंसिक टीमें भी



घटनाओं के क्रम को जोड़ने के लिए मलबे की जांच कर रही हैं। गांवों में शोक की लहर पीड़ितों के गृह गांव शोक में डूब गए हैं। जो एक खुशी भरा पारिवारिक अवसर था, वह एक अकल्पनीय त्रासदी में बदल गया। शवों की पहचान और अंतिम संस्कार की व्यवस्था में सहायता के लिए अधिकारी शोक संतप्त परिवारों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

## एयर इंडिया की आज 8 फ्लाइट्स कैंसिल, अहमदाबाद प्लेन क्रैश के बाद 8 दिन में 84 उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली :** अहमदाबाद में हुए भीषण विमान हादसे के बाद से एयर इंडिया के लिए यह सप्ताह उथल-पुथल भरा रहा है। रखरखाव, सुरक्षा और परिचालन संबंधी कारणों से एयरलाइन को लगातार उड़ानें रद्द करनी पड़ रही हैं। शुक्रवार को एयर इंडिया ने आधिकारिक बयान जारी करते हुए 4 अंतरराष्ट्रीय और 4 घरेलू उड़ानों को रद्द करने की पुष्टि की है।



एयर इंडिया ने यात्रियों को हुई असुविधा पर खेद जताते हुए कहा है कि सभी यात्रियों को पूर्ण रिफंड या मुफ्त रीशेड्यूलिंग का विकल्प दिया जा रहा है। एयरलाइन यात्रियों को वैकल्पिक फ्लाइट्स उपलब्ध कराने का प्रयास कर रही है। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे अपनी यात्रा से पहले अपनी फ्लाइट की स्थिति की जांच करें या कस्टमर केयर नंबर 011-69329333, 011-69329999 पर संपर्क करें। गौरतलब है कि हाल ही में अहमदाबाद-लंदन गैटविक ड्रीमलाइनर दुर्घटना में 271 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें 30 से अधिक ग्राउंड स्टाफ शामिल थे। यह विमान आबादी वाले क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हुआ, जिससे जन-धन की भारी क्षति हुई। इस तरह अहमदाबाद प्लेन क्रैश के बाद 8 दिन में अलग-अलग वजह से अब तक 84 उड़ानें रद्द की गई हैं। 12 जून को हुए प्लेन क्रैश हादसे में 270 लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद से हर एयरपोर्ट पर विमानों की ऑपरेशनल चेकिंग को सख्त कर दिया गया है।

## दो साइबर अपराधी गिरफ्तार, महिला से की की थी 2.37 लाख की ठगी

**लातेहारः** जिला पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। दो साइबर अपराधियो को देवघर के मोहनपुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। दोनों अपराधियों पर एक महिला से सुखाड़ राहत योजना के तहत ट्रैक्टर दिलाने के नाम पर 2 लाख 37 हजार 600 रुपये ठगी करने का आरोप है। गिरफ्तार आरोपियों में स्व बेलभद्र महतो के 24 वर्षीय पुत्र कांग्रेस कुमार और फारूक अंसारी के 26 वर्षीय पुत्र साउल अंसारी शामिल है। दोनों के पास से एक मोबाइल, दो पासबुक, दो एटीएम कार्ड और दो सिम कार्ड बरामद किये गये हैं।

इस संबंध में पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) सह साइबर थाना प्रभारी संजीव मिश्रा ने बताया कि सदर थाना क्षेत्र के खरचा, रिचुघुटा निवासी इंद्रमुनी उरांव, पति चमरू उरांव ने पिछले 6 मई को साइबर अपराधियों के खिलाफ साइबर थाना लातेहार में मामला दर्ज कराया था, जिसमें ट्रैक्टर दिलाने के नाम रुपये ठगने की बात कही गयी थी। मामला दर्ज करने के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर टीम गठित कर टेक्निकल एनालाइसीस कर त्वरित कार्रवाई की गयी। अनुंसधान के क्रम में मिले सुराग के आधार पर टीम ने छापामारी की। इस दौरान दोनों साइबर अपराधियों को देवघर जिला के मोहनपुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।



## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज मना रही है अपना 67वां जन्मदिन, सीएम हेमंत ने दी बधाई


**रांची/ नई दिल्लीः** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आज 67 वां जन्मदिन है। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं और उनके स्वस्थ रहने की कामना की।

सीएम हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा ,देश की माननीय राष्ट्रपति आदरणीय श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी को जन्मदिन की बहुत-बहुत बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। आपका दूरदर्शी नेतृत्व और समर्पण देश के लिए प्रेरणास्त्रोत है। मरांग बुरु आपको सदैव स्वस्थ और सुदीर्घ जीवन प्रदान करें, यही कामना करता हूं।

## कोयल नदी में फंसे दो मछुआरों का सफल रेस्क्यू, तेज बहाव में फंसे थे दोनों

**खूंटीः** कोयल नदी में अचानक आई बाढ़ में फंसे दो मछुआरों को देर रात एनडीआरएफ की टीम ने सकुशल रेस्क्यू कर लिया है। मेडिकल जांच के बाद मछुवारों को घर भेज दिया गया है। दरअसल गुरुवार दोपहर कोटांगेर गांव निवासी बिरसा लोहरा और बुधवा आइंद, कोयल नदी में मछली पकड़ने गए थे। इन लोगों के द्वारा नदी में मछली पकड़ने के लिए नदी में जाल लगाया था जिसे निकालने के दौरान ही अचानक नदी में पानी का जलस्तर बढ़ गया और दोनो नदी के बीच के चट्टान में फंस गए थे।

जानकारी के मुताबिक, गुरुवार को बिरसा लोहरा और बुधवा आइंद जब नदी में फंसे उस समय किसी ने नही देखा था। नदी के किनारे सटे गांव के कुछ बच्चों ने देखा कि नदी में पानी 15 फिट ऊपर बह रहा है और बीच मे दो युवक बचाओ बचाओ चिल्ला रहे हैं, बच्चों ने घटना की जानकारी गांव में जाकर दी। इसके बाद खबर आग की तरह फैल गई। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस और प्रशासन को सूचित किया। रनिया थाना प्रभारी विकास कुमार जायसवाल और बीडीओ प्रशांत डांग मौके पर पहुंचे और स्थिति की जानकारी जिले के उच्चाधिकारियों को दी। घटना की सूचना पाकर स्थानीय विधायक सुदीप गुड़िया भी घटनास्थल पर पहुंचे और परिजनों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

PR- 355351 (Health Med Edu and Family Welfare) 25-26


### सीवान रैली में राजद-कांग्रेस पर बरसे पीएम मोदी, कहा-

# पंजे और लालटेन के शिकंजे ने बिहार को पलायन का प्रतीक बना दिया



- पीएम मोदी ने सीवान में 5900 करोड़ की 28 परियोजनाओं का किया शिलान्यास और लोकार्पण
- कभी भी अपने स्वाभिमान से समझौता नहीं करते बिहारी, कठिन से कठिन परिस्थिति में काम करके दिखा देते हैं

**सीवानः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के सिवान में विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन करते हुए कहा कि मुझे बिहार के लिए और कुछ करना है। मेरे इस विश्वास का कारण बिहार के आप सभी लोगों का सामर्थ्य है। आपने मिलकर बिहार से जंगलराज का सफाया किया है। यहां के हमारे नौजवानों ने तो 20 साल पहले के बिहार की बदहाली सिर्फ किस्सों और कथाओं में ही सुनी है। उन्हें अंदाजा ही नहीं है कि जंगलराज वालों ने बिहार की क्या हालत बना दी थी। जिस बिहार ने सदियों तक भारत की प्रगति को नेतृत्व दिया। उसको पंजे और लालटेन के शिकंजे ने पलायन का प्रतीक बना दिया था।

पीएम मोदी ने कहा कि मेरे बिहारी भाई-बहन कठिन से कठिन परिस्थिति में काम करके दिखा देते हैं। वो कभी अपने स्वाभिमान से समझौता नहीं करते। लेकिन, पंजे और लालटेन वालों ने मिलकर बिहार के स्वाभिमान को बहुत ठेस पहुंचाई है। इन लोगों ने ऐसी लूट-खसोट मचाई की गरीबी बिहार का दुर्भाग्य बन गई। अनेक चुनौतियों को पार करते हुए नीतीश जी के नेतृत्व में ठऊअ सरकार बिहार को विकास की पटरी पर वापस लाई है। और मैं बिहार वासियों को विश्वास दिलाने आया हूं कि हमने भले बहुत कुछ किया हो, करते रहे हैं, करते रहेंगे। लेकिन इतने से शांत होकर रहने वाला मोदी नहीं है। मुझे तो अभी बिहार के लिए और भी बहुत कुछ करना है।



## पाटलिपुत्र-गोरखपुर वंदे भारत एक्सप्रेस को प्रधानमंत्री ने दिखाई हरी झंडी

**सीवानः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर बिहार पहुंचे हैं। सिवान की धरती से पीएम मोदी ने बिहार को कई सौगात दिए। इसी क्रम में पीएम ने एक और वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई। पाटलिपुत्र-गोरखपुर वंदे भारत एक्सप्रेस को रवाना किया गया। केसरिया रंग की इस वंदे भारत ट्रेन में लोगों को कई सुविधाएं मिलेंगी। बता दें कि, यह ट्रेन पटना से गोरखपुर के बीच चलेगी। पटना में यह ट्रेन पाटलिपुत्र जंक्शन से खुलेगी। 8 कोच वाली यह ट्रेन मुजफ्फरपुर, बेतिया और मोतिहारी होते हुए गोरखपुर जाएगी।

## समाचार सार

### रेल पटरी के नीचे से खिसका मिट्टी ट्रेनों का परिचालन प्रभावित



**सिल्ली :** सिल्ली में लगातार 72 घंटे से हो रही बारिश से किता रेलवे स्टेशन के पास अप लाइन में पटरी का कटाव हुआ है । बताया जाता है डाउन लाइन से उतर रही ट्रेन के चालक ने देखा कि अप लाइन का इलेक्ट्रिक खंभा झुका है चालक ने इसकी सूचना किता स्टेशन मास्टर को दी।. इसके पश्चात गुरुवार रात के करीब 11 बजे से रेलवे प्रशासन ने दुर्घटना से बचने के लिए अप लाइन में रेल परिचालन को रोक दिया है सुबह साढ़े ग्यारह बजे यानि 12 घंटे बाद अप लाइन को सामन्य रूप से बहाल कर दिया गया है।

### भारी बारिश के कारण स्वर्ण रेखा नदी उफान पर



**मुरी :** सिल्ली मुरी में लगातार बारिश से खेतों में पानी लबालब हो गया है, किसान खुश हैं। लोगों का कुआं में जल स्तर उपर आ गया है,तलाब में भी पानी भर गया है। वहीं स्वर्ण रेखा नदी में पानी उफान पर है।पुल से लोग नदी के उफान को देखने लोग पहुंच रहे हैं। बीती रात क ई जगह शादी भी रहा।लोग भींग भींग कर शादी में शामिल हुए।बरात भी पानी में लगाया गया। शादी भी यादगार रहा।प्रतापपुर में बरसात ने मचाई आफत

### लथरवा नदी के तेज बहाव में बहने से महिला सुमित्रा देवी की मौत, भौरा आहर में डूबा वृद्ध

**चतराः** तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश में जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र में आफत मचा दी। थाना क्षेत्र के मैराग गांव की सुमित्रा देवी( 55 वर्ष) की लबरवा नदी में बहने से मौत हो गई। वह बुधवार को जंगल में जानवर चराने और महुआ के पेड़ से डोरी तोड़ने गई थी। दिनभर से बारिश हो रही थी। शाम में जब वह जानवरों के साथ लौट रही थी। लघरवा नदी पार करते समय तेज बहाव में फंस गईं और बालू में धंस गई। मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

इधर, रामपुर पहाड़ी के दुखन भारती( 70 वर्ष) की मौत आहर में डूबने से गुरुवार को हो गई। जानकारी के मुताबिक घर के पास स्थित भौरा आहर में प्लास्टिक निकालने गए थे। आहर में पानी लबालब भरा हुआ था। डूबने से उनकी मौत हो गई। वह शरीर से हल्के विकलांग थे। परिवार में पत्नी एतवरिया देवी और पांच बच्चे हैं।

**लथरवा नदी पर नहीं है पुलः** सुमित्रा देवी के कल शाम घर नहीं आने पर परिजन रातभर सुमित्रा देवी के क खोजबीन करते रहे। गुरुवार को ग्रामीणों और परिजनों ने जंगल, पपड़ी और नदी में उसकी तलाश की। इस दौरान लथरवा नदी के बालू में महिला का शव मिला। परिजनों ने बताया कि सुमित्रा देवी रोज की तरह जंगल गई थीं। देर शाम तक नहीं लौटीं तो चिंता हुई। गुरुवार को शव मिला। परिजनों और ग्रामीणों ने शव का पोस्टमार्टम नहीं कराने का फैसला लिया। ग्रामीणों ने बताया कि यहां की सरकारी व्यवस्था लचर है। पोस्टमार्टम में परेशानी होती है। इसलिए पोस्टमार्टम नहीं कराया गया। लधरवा नदी जंगली नदी है। इस पर कोई पुल नहीं है। इसी नदी के रास्ते शिकारपुर, कुब्बा और मजहर गांव जाना होता है। ये गांव घने जंगल में बसे हैं। इनकी आबादी करीब पांच से छह सौ है। सुमित्रा देवी के चार बेटियां और दो बेटे हैं। पति भूपुन यादव की दो पत्नियां हैं। मृतका सबसे बड़ी थीं।

### तीन दिनों की लगातार मूसलाधार बारिश में बह गया पक्की सड़क का आधा हिस्सा

**गिद्धौर (चतरा):** प्रखंड क्षेत्र में लगातार तीन दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश ने मौसम का मिजाज पूरी तरह से बदल दिया है। जहां भीषण गर्मी से लोगों को राहत मिली है।तो वहीं तेज बारिश से गिद्धौर से मारंगी जाने वाली मुख्य सड़क पर रोहमर नदी के पास बने गढ़वाल के साथ साथ पक्की सड़क का आधा हिस्सा बह गया है। जिससे राहगीरों व ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है। उक्त पथ दो प्रखंडों को भी जोड़ती है। उक्त पथ गिद्धौर से पथलगड्डा जाने का मुख्य रास्ता भी है। इसी सड़क से बिसनापुर,मारंगी, सिन्दूरबे, तथा पथलगड्डा के साथ साथ दर्जनों गांवों के राहगीर आवागमन करते हैं। क्षेत्रवासी जहां बारिश का आनंद ले रहे हैं, वहीं इसके कारण उत्पन्न समस्याओं से भी जूझ रहे हैं। लगातार बारिश के चलते क्षेत्र के कई प्रमुख मार्गों पर जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। राहगीरों और स्थानीय लोगों ने बताया कि इस सड़क का निर्माण व गार्डवाल कुछ वर्ष पूर्व बनाया गया था।और मानसून की पहली बारिश में पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

### मिट्टी का मकान ढहने से ,दो वर्षीय बच्चे की मौत

**चतराः** लगातार हो रही मूसलाधार बारिश गरीब परिवार के लिए बना आफत।मूसलाधार बारिश से ढहा मिट्टी का खपरैल मकान।हादसे मे दो वर्षीय मासूम दुधमूहे बच्चे की मौत। टंडवा थाना क्षेत्र के लेम्बुआ गांव की घटना।

### कला में जीवन को दिशा देने की क्षमता होती है : डीपीआरओ

**दुमका :** नशा मुक्त समाज निर्माण के लिए 10 जून से 26 जून 2025 तक मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को शहर के जिला स्कूल में पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें बच्चों की कल्पनाशक्ति और सामाजिक जागरूकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। मौके पर उपस्थित जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुंडलना ने कहा कि छात्र-छात्राओं ने अपनी कला के जरिए ह्यह्यनशा नहीं, स्वस्थ जीवन चुननें का संदेश दिया। उन्होंने बच्चों की चित्रकला को सराहते हुए कहा कि कला में जीवन को दिशा देने की क्षमता होती है ' इन बच्चों की सोच और संकल्प ही भविष्य का आधार है । उन्होंने विद्यार्थियों को नशा से दूर रहने और अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की बात कही ' उन्होंने नेशनल नारकोटिक्स ब्यूरो के द्वारा संचालित मानस पोर्टल तथा नेशनल नारकोटिक्स हेल्पलाइन नम्बर 1933 के बारे भी जानकारी दिया। ' हेल्पलाइन नम्बर 1933 कॉल कर मादक पदार्थों की अवैध खेती, बिक्री के बारे शिकायत दर्ज की जा सकती है ' इस दौरान जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री कुंडलना ने विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया। पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार इशिता डे, द्वितीय पुरस्कार अजय ठाकुर, तृतीय पुरस्कार संजीव मुर्मू को प्रदान कर सम्मानित किया गया।

---

#### सिकल सेल जागरूकता कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री, कहा

# नक्सल ऑपरेशन की तरह काम करने की जरूरत, दिये आवश्यक दिशा- निर्देश

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांची :** राज्य के कई जिले सिकल सेल एनीमिया जैसी गंभीर बीमारी से प्रभावित हैं। इसको लेकर राज्य सरकार लगातार प्रयासरत है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची में आयोजित एक जागरूकता कार्यक्रम में हिस्सा लिया और सिकल सेल से पीड़ित लोगों से बातचीत की। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी, यूनिसेफ के प्रतिनिधि, वरिष्ठ चिकित्सक, मुख्य सचिव अलका तिवारी समेत कई अधिकारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में हिन्दपीढ़ी निवासी सिकल सेल मरीज अब्दुल हकीम ने अपनी पीड़ा साझा करते हुए कहा कि इस बीमारी में अत्यधिक थकान होती है, चलने-फिरने में परेशानी होती है और हीमोग्लोबिन की कमी के कारण अक्सर ब्लड चढ़वाना पड़ता है। कई बार अस्पताल में ब्लड नहीं मिल पाता, ऐसे में ब्लड डोनर खोने की मजबूरी होती है। हकीम ने बताया कि पहले उन्हें बुखार हुआ, जांच में मलेरिया की पुष्टि हुई और फिर आगे की जांच में सिकल सेल की पहचान हुई।

स्वास्थ्य विभाग के सचिव सुनील कुमार ने बताया कि राज्य में करीब एक हजार से अधिक लोग सिकल सेल से ग्रसित हैं।



आंकड़ों के अनुसार हर 1300 व्यक्तियों में से एक में इसके लक्षण पाए जाते हैं। सबसे अधिक मामले रांची, गुमला, सिमडेगा और चाईबासा जिलों में सामने आए हैं। रांची में 1300, गुमला में 400 मरीज हैं। यह बीमारी आदिवासी और जनजातीय इलाकों में अधिक पाई जाती है। मलेरिया के बाद इसके संक्रमण की संभावना बढ़ जाती है।

रांची की विमला कुमारी (28), जो सदर अस्पताल में काउंसलिंग का काम करती हैं, ने बताया कि 2016 में उन्हें इस बीमारी का पता चला। शुरूआत में हाथ-पैर में दर्द और ब्लड की कमी की शिकायत रहती थी। जांच के बाद सिकल सेल की पुष्टि हुई। पंडरा निवासी 15 वर्षीय स्नेहा तिर्की ने भी इस बीमारी से जूझने के अपने अनुभव साझा किए।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि अधिकतर बीमारियां गंदगी से जुड़ी होती हैं। उन्होंने कह कि जब घर में सांप घुसता है, तो लोग लाठी-डंडे लेकर उसे भगाने लगते हैं। उसी तरह, जब शरीर में बीमारी आ जाए तो उसका भी मुकाबला करना होगा। इस बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए हमें गंभीरता से सोचना होगा।

सीएम ने जोर देते हुए कहा कि जिस तरह राज्य में नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाया जाता है, उसी तरह सिकल सेल के खिलाफ भी रणनीतिक और संगठित अभियान चलाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जिन जिलों में इस बीमारी के अधिक मरीज हैं, वहां समुचित इलाज की व्यवस्था के साथ-साथ जागरूकता और स्क्रीनिंग की मजबूत व्यवस्था करनी होगी ताकि यह बीमारी आगे किसी और को न हो। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी, मुख्य सचिव अलका तिवारी, यूनिसेफ प्रतिनिधि, स्वास्थ्य विशेषज्ञ और कई अधिकारी मौजूद रहे।

## तीन दिन की मूसलाधार बारिश से खलारी एवं पिपरवार क्षेत्र में तबाही



**रांची/चतराः** पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही मूसलधार बारिश ने पिपरवार और खलारी कोयलांचल क्षेत्र में जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। जहां एक ओर गांवों में पानी भरने और कच्चे मकानों के ढहने की घटनाएं सामने आ रही हैं, वहीं रेलवे और कोयला ढुलाई जैसे महत्वपूर्ण परिचालन भी बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। सबसे बड़ी घटना राय रेलवे स्टेशन के समीप बरवाडीह-बरकाकाना रेलखंड पर घटी, जहां पश्चिमी केबिन से महज 300 मीटर की दूरी पर पोल संख्या 152/02 से 155/05 के बीच लगभग 1000 फीट लंबी मिट्टी धंस गई है, जिससे रेलवे ट्रैक खतरे की स्थिति में आ गया है। इसके चलते इस मार्ग पर चलने वाली यात्री और मालगाड़ियाँ प्रभावित हुई हैं। इस संबंध मे टीआई उमेश कुमार ने बताया कि बारिश रुकने के बाद ही मरम्मत कार्य संभव होगा। फिलहाल एहतियातन सिंगल ट्रैक से ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है।ह्व

वहीं, कोयला ढुलाई पर भी बारिश का व्यापक असर पड़ा है। अशोक परियोजना से आरसीएम साइडिंग तक की कोयला आपूर्ति बाधित हो गई है क्योंकि सपही नदी पर बना छलटा पुल बह गया है। गुरुवार की सुबह दामोदर और सपही नदी के जलस्तर में तेजी से वृद्धि के बाद छलटा और टेढ़ी पुल पर पानी बहने लगा, जिससे इन मार्गों से आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। बचरा रेलवे पुल और बचरा बस्ती रेलवे पुल पर भी पानी का बहाव तेज हो गया, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इधर अशोक कोयला खदान की हॉल रोड पर कीचड़ और फिसल के कारण कोल परिवहन ठप है। भारी मशीनों का संचालन भी रोक दिया गया है। हालांकि इस बारिश से भीषण गर्मी से राहत जरूर मिली है। खेतों में नमी आने से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं और अब वे खरीफ फसल की तैयारी में लग गए हैं।

## बचरा चार नम्बर खेल मैदान मे होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मे शामिल होगे कोयला मंत्री किशन रेड्डी

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**चतराः** भारत सरकार के केंद्रीय कोयला मंत्री किशन रेड्डी शनिवार 21 जून को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र का दौरा करेंगे। सीसीएल सूत्रों के मुताबिक 21 जून को पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर खेल मैदान में सीसीएल प्रबंधन के द्वारा होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में केंद्रीय कोयला मंत्री किशन रेड्डी बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होगे। कोयला मंत्री के पिपरवार आगमन को लेकर सारी तैयारी पूरे जोर-शोर के साथ की जारी है। सीसीएल प्रबंधन के द्वारा बचरा चार नंबर खेल मैदान में भव्य स्टेज एवं पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। बाहर से आए हुए कारीगर के द्वारा दिन-रात मेहनत कर पंडाल को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मानसून के दस्तक के साथ ही शुरू हुई बारिश को देखते हुए यह पंडाल पूरी तरह से वाटर प्रूफ बनाया जा रहा है।बताया गया कि इस पंडाल में करीब एक हजार से अधिक लोग योग कार्यक्रम में शामिल होगे।



कोयला मंत्री के साथ कोल इंडिया व सीसीएल मुख्यालय के कई अधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। वही सामूहिक योग कार्यक्रम में पिपरवार क्षेत्र के सीसीएल अधिकारी,कर्मचारी,यूनियन प्रतिनिधि,पंचायत प्रतिनिधि, राजनीतिक दल सहित स्थानीय विस्थापित ग्रामीण भी शामिल हो सकते हैं। सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस के अधिकारियों के निर्देश में पिपरवार क्षेत्र के सीसीएल अधिकारी इस कार्यक्रम की तैयारी में लगे हुए हैं। इधर कोयला मंत्री के पिपरवार दौरे को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में भी उत्साह देखा जा रहा है। जानकारी के अनुसार कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी पहली बार पिपरवार दौरे पर आ रहे है।

## ज्वेलर्स दुकान से तीन लाख 55 हजार के गहने की चोरी

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**चतराः** हंटरगंज थाना क्षेत्र के गोसाईडीह स्थित स्नेह एंड विकास ज्वेलर्स दुकान में बुधवार की रात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने दुकान के पिछले दीवार में सेंधमारी कर दुकान में प्रवेश किया और पांच हजार नकद सहित तीन लाख 55 हजार के गहने की चोरी कर फरार हो गए। इस संबंध में ज्वेलर्स दुकानदार बिहार के गया जिला डोभी थाना




क्षेत्र के सेवइचक गांव निवासी पप्पू कुमार ने थाना में अज्ञात चोरों के विरुद्ध आवेदन दिया है। उन्होंने बताया कि हर रोज की तरह बुधवार को दुकान बंद घर चले गए। दूसरे दिन गुरुवार को जब दुकान के मुख्य शटर को खोलकर अंदर गया तो सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ देखा। दुकान के पिछले दीवार में सेंधमारी किया हुआ पाया। दुकान में रखा पांच हजार नकद, दो लाख 95 हजार का सोने की गहने, 60 हजार के चांदी की गहने गायब पाया। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर थाना प्रभारी प्रभात कुमार दलबल के साथ दुकान पर पहुंचे और दुकानदार से पूछताछ किया।

## कांग्रेस जिला महासचिव ने राहुल गांधी के जन्मदिन पर किया रक्तदान

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**चतरा :** लोकसभा के नेता विपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन के पर चतरा जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा रक्तदान किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व कांग्रेस कमेटी के जिला महासचिव राजवीर एवं एनएसयूआई के पूर्व जिला उपाध्यक्ष हर्षित चित्रांश ने किया। इस कार्य में रक्त दान करने वालों में राज वीर और हर्षित चित्रांश थे । रक्तदान करने के पश्चात बच्चों के बीच बिस्कुट चॉकलेट का वितरण किया गया। इस मौके पर अनुज कुमार सहित कई कार्यकर्ता और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। रक्तदान के इस पुनीत कार्य में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और इसे राहुल गांधी के प्रति शुभकामनाओं का प्रतीक बताया।

## डीएमएफटी भवन में किसानों के बीच बीज वितरण कार्यक्रम

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**चतरा :** जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट सह प्रशिक्षण भवन हॉल चतरा में बीज विनिमय, वितरण तथा बिरसा फसल विस्तार योजना एवं एनएफएसएम योजना अन्तर्गत बीज वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में चतरा विधायक जनार्दन पासवान, जिला परिषद अध्यक्षा ममता कुमारी, उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा उपस्थित थे। कार्यक्रम में सभी प्रखण्डों से आये हुए किसानों को एनएफएसएम पोषक अनाज मडुआ मिनिकीट 04 कि०ग्रा० प्रति कृषक शत-प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराया गया। इस योजना अन्तर्गत सिमरिया प्रखंड से 10 बिरहोर कृषको के बीच मडुआ मिनिकीट का वितरण किया गया। इनमें मुख्य रूप से तेतर बिरहोर, हेमलाल बिरहोर, गोपाल बिरहोर आदि उपस्थित हुए। साथ ही साथ चतरा प्रखण्ड के मर्दनपुर गाँव चतरा से अनुसूचित जनजाति महिला कृषकों के बीच हाईब्रिड धान




(पीएनपीएच -24) का बीज का वितरण किया गया। इसके साथ ही बीज विनिमय कार्यक्रम अन्तर्गत हफुआ पैक्स के माध्यम से 50 प्रतिशत अनुदान पर धान का राजेन्द्र मंसूरी एवं एमटीयू-1010 का वितरण कराया गया।कार्यक्रम में उपस्थित सांसद कालीचरण सिंह ने किसानों को संदेश दिया कि सरकार के द्वारा शत-प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराये जा रहे बीजों का दुरूपयोग न करें एवं समय पर उपलब्ध कराये जा रहे बीज को विभाग के दिशा-निर्देश के आलोक में खेती करे। विधायक ने विधान सभा क्षेत्र के द्वारा मोटे अनाज की खेती करके स्वावलंबी बनने की बात कही। जिला परिषद अध्यक्षा ने मोटे अनाज की महत्ता को बताया तथा सरकार द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं की सराहना की। उन्होंने मोटे अनाज की खेती करने हेतु प्रेरित किया। उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिंहा ने कहा कि किसान विचौलियों के चंगुल में न पड़ते हुए पारदर्शिता रखते हुए बीज वितरण का कार्यक्रम का निष्पादन करें। कार्यक्रम में जिला सहकारिता पदाधिकारी एवं अनुमण्डल कृषि पदाधिकारी द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी कृषको को दी गई। कार्यक्रम का संचालन उप परियोजना निदेशक, आत्मा के द्वारा किया। सभी प्रखण्डों से आये हुए प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक, लैम्पस / पैक्स के अध्यक्ष, चतरा जिला के 20 सूत्री अध्यक्ष, मुखियागण एवं सभी प्रखण्डों से आये हुए कृषक मित्र एवं कृषको की उपस्थिति से इस कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ।

# जोन्हा फॉल में बहे डीपीएस स्कूल के म्यूजिक टीचर को ढूंढने पहुंची एनडीआरएफ की टीम

## सेल्फी लेने के दौरान हुआ था हादसा





**संवाददाता**

**रांची/ अनगड़ाः** जोन्हा फॉल में कल गुरुवार को बहे डीपीएस स्कूल के म्यूजिक टीचर को ढूंढने के लिए एनडीआरएफ की टीम घटनास्थल पर पहुंची है। टीम जोन्हा फॉल में संभावित स्थानों पर शिक्षक को ढूंढ रही है। रस्सी और जाली के सहारे नदी के भीतर भी उन्हें ढूंढा गया। डूबने वाले शिक्षक की पहचान रांची के डिबडीह निवासी 40 वर्षीय मेकाइल घोष के रूप में हुई है। इस संबंध में थाना प्रभारी हीरालाल साह ने बताया कि एनडीआरएफ की टीम व स्थानीय पर्यटन मित्र शिक्षक को ढुंढने के लिए काफी मशक्कत कर रहे हैं। अभी तक उनका कोई सुराग नहीं मिला है।

सेल्फी लेने के दौरान हुआ था हादसाः मेकाइल घोष अपने मित्र पंकज श्रीवास्तव और ऋतिक सामद के साथ कल 19 जून को एक कार में सवार होकर जोन्हा फॉल घुमने गये थे। पर्यटक मित्रों ने बताया कि तीनों ने यहां बारिश में खूब मस्ती की। जब तीनों नदी की ओर जाने लगे तो पर्यटक मित्रों ने उन्हें रोका, लेकिन तीनों सामने से आने की बात कहकर चले गये। आधा घंटा के बाद पंकज श्रीवास्तव और ऋतिक सामद बदहवास हालत में पर्यटक मित्रों से मिले। उन्होंने बताया कि उनका मित्र मेकाइल घोष सेल्फी लेने के क्रम में नदी में बह गया। पर्यटक मित्रों ने झरना के आसपास मेकाइल को देखने का प्रयास किया, लेकिन वह कहीं नजर नहीं आया।

## खोला गया गेतलसूद डैम का दूसरा गेट



**रांची :** झारखंड में बीते तीन दिनों से लगातार हुई झमाझम बारिश से विभिन्न जलाशयों का जलस्तर काफी अधिक बढ़ गया है। गेतलसूद डैम में जलस्तर खतरे के निशान के पास पहुंच गया है। इसी बीच आज शुक्रवार की सुबह डैम का एक और रेडियल गेट खोला गया। जलस्तर 1930 आरएल फीट पहुंच चुका है। समीक्षा के बाद एक और गेट खोलने की संभावना है। इधर दोनों स्लूइस गेट को भी 1-1 फीट खोला गया है, जिससे डैम में वर्षों से जमा गाद बाहर निकल रहा है।

कल 19 जून की शाम डैम का जलस्तर 1929 आरएल फीट पहुंचने के बाद एक रेडियल गेट को 6 इंच खोला गया था। गेतलसूद डैम की क्षमता 1936 आरएल फीट है, लेकिन मॉनसून को देखते हुए जल पथ प्रमंडल के द्वारा एहतियाती कदम उठाये जा रहे हैं। फिलहाल सिकिदिरी जल विद्युत परियोजना भी बंद है, जिस कारण वहां पानी की आपूर्ति बंद है, इसके कारण डैम का जलस्तर कम नहीं हो रहा है। डैम खुलने से हुंडरू फॉल में पानी का सैलाब उमड़ गया है।

## एमएसएमइ निबंधन के लिए राज्य सरकार बनायेगी पोर्टल

**रांचीः** झारखंड सरकार राज्य में स्थित सारे सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम (एमएसएमइ) श्रेणी के उद्योगों का डाटा तैयार करायेगी। इसके लिए एमएसएमइ-1 नामक पोर्टल उद्योग विभाग विकसित कर रहा है। इसमें एमएसएमइ के सारे विवरण दर्ज किये जायेंगे। निबंधित एमएसएमइ उद्योगों को राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ भी दिये जाने का प्रस्ताव बन रहा है। राज्य सरकार के पास कोई प्रमाणिक डाटा नहींबताया गया कि अभी राज्य सरकार के पास कोई प्रमाणिक डाटा नहीं है। केंद्र सरकार के उद्यम पोर्टल पर निबंधित उद्यमी की संख्या ही ज्ञात है। सरकार मानती है कि कई सूक्ष्म व छोटे उद्यमी निबंधन आदि की प्रक्रिया में पड़ते ही नहीं है।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, हजारीबाग

-:: शुद्धि पत्र ::-

एतद द्वारा सूचित करना है कि इस कार्यालय द्वारा दिनांक–08.05.2025 को विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से अतिअल्पकालीन आमंत्रण सं0.01HZB/2025-26 आमंत्रित कि गयी है, जिसका PR No 352003 Drinking Water And Sanitation (2025-26)_D द्वारा प्रकाशित विज्ञापन अपरिहार्य कारणवश एतद द्वारा रद किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,
हजारीबाग।

PR.NO.355522 Drinking Water and Sanitation(25-26):D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, हजारीबाग


-:: शुद्धि पत्र ::-

एतद द्वारा सूचित करना है कि इस कार्यालय द्वारा दिनांक–08.05.2025 को विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से अतिअल्पकालीन आमंत्रण सं0.01HZB/2025-26 आमंत्रित कि गयी है, जिसका PR No 352003 Drinking Water And Sanitation (2025-26)_D द्वारा प्रकाशित विज्ञापन अपरिहार्य कारणवश एतद द्वारा रद किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,
हजारीबाग

PR 355513 Land Reforms(25-26)#D


# बास्केट बॉल प्लेयर सिद्धार्थ प्रकाश को किया गया सम्मानित



**मेट्रो रेज**

**रांचीः** सैनिक स्कूल नालंदा के पूर्व छात्र व बास्केट बॉल खिलाड़ी सिद्धार्थ प्रकाश के रांची आगमन पर छात्र क्लब ग्रुप एवं विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच ने भव्य स्वागत किया।

आज युवा खिलाड़ी सिद्धार्थ प्रकाश मंच एवं क्लब से जुड़े खेलप्रेमियों को बास्केट बॉल खेल के विभिन्न पहलुओं एवं बारीकियों की विस्तृत जानकारी देंगें। अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त हुए सिद्धार्थ प्रकाश ने कहा खेल से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है साथ ही अच्छे प्रदर्शन कारी हुनेरवाज खिलाड़ियों को रोजगार भी मिलता है।अपनी इच्छानुसार खेल का चयन कर अभ्यास करते रहना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संतोष कुमार श्रेयांश ने कहा बास्केटबॉल खेल मे बेहतर प्रदर्शन के लिए बोकारो,जमशेदपुर एवं अंबिकापुर मे सिद्धार्थ प्रकाश को कई मेडल भी प्राप्त हो चुके हैं।

इसके पूर्व बास्केट बॉल खिलाड़ी सिद्धार्थ प्रकाश रांची सांसद सह केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से उनके आवास मे मिलकर आशीर्वाद प्राप्त किया। जहां मंत्री संजय सेठ ने खिलाड़ी सिद्धार्थ प्रकाश को सम्मानित कर हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा,संरक्षक रवि मेहता,राहुल कुमार चौधरी, शुभम् कुमार चौधरी,लीगल एडवाइजर अधिवक्ता सोनाली भट्टाचार्य एवं मंच के राष्ट्रीय मुख्य संयोजक संतोष कुमार श्रेयांश,संरक्षक ओम प्रकाश शर्मा,पिंटू शर्मा, दीपक कुमार राणा,रमेश मिस्त्री,रेखा देवी व अन्य मौजूद थे।

## 17वां झारखंड राज्य फेंसिंग प्रतियोगिता

# आइडियल इंटरनेशनल स्कूल ने की शानदार जीत दर्ज




**मेट्रो रेज**

**रांचीः** 17वें झारखंड राज्य फेंसिंग प्रतियोगिता में आइडियल इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार जीत दर्ज की है। इस प्रतियोगिता में अर्पण टोप्पो (कक्षा 4) ने व-10 ईपी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर परचम लहराया, वहीं आदर्श तिर्की (कक्षा 4) ने सेबर वर्ग में जबरदस्त प्रदर्शन कर एक और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। साथ ही खुशबू कुमारी (कक्षा 8) ने रजत और कांस्य दोनों पदक जीतकर चमक बिखेरी, और तनु एक्का, सफक फिरोज और एंजेला तिर्की ने भी रजत और कांस्य पदकों से आइडियल इंटरनेशनल स्कूल की पदक तालिका को बढ़ाया।


उत्तर पश्चिम रेलवे
ई–निविदा आमंत्रण सूचना

मंडल रेल प्रबंधक, इंजीनियर, उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से ई–निविदा के माध्यम से प्रचलित नियमों के अन्तर्गत निर्धारित प्रपत्रों में निविदा निम्न कार्यों के लिए क्रमानुसार आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा सूचना सं. 2025-26: 42OF2025-26, कार्य का नाम व स्थानः TRR by 60 kg rail in the loop lines of the section of SSE/P.Way/ PLCJ, MMY & JSM Under ADEN/JSM, अनुमानित लागत रुपयेः 2,32,61,222.70, बयाने की राशि रुपयेः 266300.00, निविदा सूचना संख्या 42OF2025-26, निविदा प्रस्तुत करने की तिथि 07/07/2025 को 15:00 बजे तक है। वेबसाइट का विवरण जहाँ पर ई–निविदा देखी व भरी जा सकती है www.ireps.gov.in

710-PM/25

हमें NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें



उत्तर पश्चिम रेलवे
ई–निविदा सूचना

मुख्य परियोजना प्रबंधक, गति शक्ति, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 11.07.2025 को 15:00 बजे तक निम्नानुसार खुली ई–निविदा आमंत्रित करते हैं। निविदा संख्याः SnT-GS-BKN-2025-26-01 कार्य का नाम व स्थानः बीकानेर मंडल में एयएमईएल साइडिंग की सेवा के लिए रतनगढ़ कनकवाल (आरकेके) यार्ड में यातायात सुविधाओं के विस्तार के साथ एमएसडीएसी और डीसी ट्रैक सर्किट के साथ इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग की डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग का प्रावधान। अनुमानित लागत मूल्यः रु. 7,52,28,169.21 बिड सिक्यूरिटी राशि (रुपये): रु. 5,26,200.00 निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समयः बोली शुरु होने की तारीख 27.06.2025 और निविदा बंद होने की तारीख और समय 11.07.2025 को 15.00 बजे तक। नोटः अन्य शर्तें रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

708-PM/25

हमें NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें



पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, सिमडेगा

(सर्वसाधारण के लिए सूचना)

गुमशुदा पुरूष देवेन्द्र सिंह, उम्र लगभग–45 वर्ष, सा0–चाटुओड़ा गढ़ाटोली, थाना–बानो, जिला–सिमडेगा राज्य–झारखण्ड, जो एक दिनांक–09.06.2025 को बिना किसी को बताए घर से कहीं चला गया है, जो अभी तक अपना घर वापस नहीं लौटा है। गुमशुदा पुरूष की बरामदगी अभी तक नहीं हो पायी है, जिसका विवरणी निम्नवत् है:–

हुलिया की विवरणी :–
लिंग :– पुरूष
उम्र :– 45 वर्ष
रंग :– साँवला
बाल :– काला एवं हल्का सफेद।
उंचाई :– 05 फीट
भाशा :– सादरी एवं हिन्दी ।
पहनावा :–आसमानी एवं सफेद रंग का शर्ट, काला रंग का पैंट तथा लाल गमछा।



अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त गुमशुदा पुरूष के बारे में पता चलता है तो नीचे अंकित दूरभाष नं0 पर अविलंब सूचित करेंगे।

पुलिस अधीक्षक, सिमडेगा – मोबाइल नं0–9431116444
पुलिस उपाधीक्षक, (मु0) सिमडेगा – मोबाइल नं0–9431706227
थाना प्रभारी, बानो – मोबाइल नं0–9431706236
पुलिस नियंत्रण कक्ष, सिमडेगा – मोबाइल नं0–9262998531
मानव तस्करी संबंधी टोल फ्री नं0 – मोबाइल नं0–1800–3456–256

पुलिस अधीक्षक,
सिमडेगा

PR 355540 Simdega(25-26)#D


# रथ मेला में प्लास्टिक और डिस्पोजेबल ग्लास का उपयोग करने पर स्टॉल होगा सील

**संवाददाता**

**रांचीः** रांची जिला प्रशासन ने ऐतिहासिक रथ मेला 2025 के सफल आयोजन को लेकर समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित सभागार में बैठक की। अध्यक्षता उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने की। बैठक में रथ मेला के दौरान प्लास्टिक थैली, डिस्पोजेबल ग्लास, प्लेट्स, चम्मच आदि के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि मेले में केवल पर्यावरण अनुकूल विकल्प जैसे दोना, पत्तल, बांस या मिट्टी से बने बर्तनों का ही उपयोग किया जाये। निर्देशों के उल्लंघन पर जुमार्ना और स्टॉल सील करने की चेतावनी दी गयी है। इसके लिए विशेष निगरानी दल का गठन होगा। सुरक्षा की दृष्टि से मेले के पांचों मुख्य प्रवेश द्वारों पर वॉच टावर, माइक और लाइट की व्यवस्था की जायेगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल आपूर्ति के लिए डीप बोरिंग और बिजली या जेनरेटर की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। रथ यात्रा मार्ग पर मिट्टी, मोरम या स्टोन डस्ट बिछाने के निर्देश दिये गये हैं। मेले में स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए बायो टॉयलेट की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। परिसर के आसपास मांस, मछली और शराब की बिक्री पर सख्त प्रतिबंध रहेगा। प्रशासनिक और मीडिया शिविर भी बनाये जायेंगे।

सीसीटीवी कैमरे और सुरक्षा बलों की तैनातीःजगन्नाथ मंदिर और मौसीबाड़ी तक पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती होगी। आयोजन स्थल पर सीसीटीवी कैमरे लगाये जायेंगे। विभिन्न समितियों के सदस्यों और वॉलेंटियर्स को पहचान पत्र जारी किये जायेंगे।

# पहली बारिश में ही तालाब में तब्दील हुई नयाटोली, सिमलिया की सड़क



**मेट्रो रेज**

**रांचीः** जिले के रातु क्षेत्र के रिंग रोड,नयाटोली, सिमलिया की जनता को सड़क में बिछे गिट्टी के छाई (डस्ट) की परेशानी के बाद अब जलजमाव के कारण सड़क तालाब जैसे गड्ढे में तब्दील हो गई है। क्षेत्र की मुख्य मार्ग होने के कारण प्रतिदिन सैकड़ो गाड़ियों की परिचालन होने से सड़क में बिछे गिट्टी के (डस्ट) धूल उड़ने के बाद अब जलजमाव के कारण तालाब जैसे गड्ढे की समस्या से क्षेत्रवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि यह मार्ग रिंग रोड स्थित भारतीय क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी के आवास के बगल से नोवा नगर होते हुए गुमला रोड, मेजर कोठी तक जाती है। इस बाबत नयाटोली सिमलिया निवासी राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि आप लोगों को ज्ञात होगा कि 2024 के विधानसभा चुनाव पूर्व सड़क की स्थिति काफी जर्जर होने और सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे में पानी भरने एवं सड़क कीचड़युक्त होने के कारण लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों की सामना करना पड़ रहा था। इस निमित्त उक्त क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ संबंधित विभाग के मंत्री व आला अधिकारियों का ध्यानाकर्षण करने के लिए सड़क पर धान रोपनी कर विरोध प्रदर्शन किया गया था। उस वक्त चूंकि चुनाव होने थे, चुनाव में इसका विपरीत प्रभाव न पड़े, इसलिए आननफ़ानन में गिट्टी डालकर सड़क के गड्ढे को भर दिया गया, और क्षेत्र वासियों को आश्वासन दिया गया कि, बहुत जल्द इस मार्ग का निर्माण कार्य पूरा किया जाएगा! परंतु गिट्टी बिछे कई महीने बीत गए, किंतु अभी तक भी सड़क का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया है? सुनील सिंह ने कहा कि एक कहावत है कि।।ﾠसईंया भए कोतवाल त अब डर काहे का,, अपना काम बनता, भांड में जाये जनता,, कहा कि विभिन्न मार्गो से आने वाली गाड़ियों की इस मार्ग से परिचालन होने और (डस्ट) धूल उड़ने से नयाटोली सिमलिया क्षेत्र की जनता में पहले से हीं काफी आक्रोश में हैं। पहले से हीं वातावरण काफी दूषित हो जाने से क्षेत्रवासियों को टीवी, यक्ष्मा जैसे खतरनाक बीमारियों के चपेट में आने का डर सता रहा था, और अब जलजमाव की समस्या से जूझना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर संबंधित विभाग के मंत्री, आला अधिकारियों के साथ किसी भी जनप्रतिनिधि के द्वारा इस ओर सुध नहीं लिए जाने के कारण, क्षेत्र की जनता काफी हताश व निराश है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि चुनाव पूर्व सड़क निर्माण कर रहे एजेंसी के लोगों व जनप्रतिनिधियों द्वारा मार्ग को पक्के तौर पर बनाने का वादा किया गया था, परंतु वह अधूरा छोड़ दिया गया? चुनाव के तकरीबन 1एक साल हो जाने के बावजूद भी निर्माण कार्य पूरा नहीं होने के कारण सड़क की यह दुर्दशा हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इससे यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि जनता की समस्याओं से संबंधित जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक आला अधिकारियों को सड़क निर्माण से कोई सरोकार नहीं है।


पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, सिमडेगा

(सर्वसाधारण के लिए सूचना)



टी0टॉगर थाना काण्ड सं0–39/25, दिनांक–12.06.2025 अज्ञात पुरूष शव के विरुद्ध दर्ज किया गया है, टी0टॉगर थानान्तर्गत घोड़ीटोली एवं लतापानी गाँव के बीच स्थित कसेरकोचा जंगल में मिला है। उस अज्ञात शव के परिजनों के बारे में कहीं पता नहीं चला है।

अज्ञात शव का हुलिया एवं फोटो का विवरणी निम्नवत् है:–
लिंग :– पुरूष
आयु :– करीब 40 वर्ष
ऊँचाई :– करीब 5 फीट 5 ईंच
भारीर :– सामान्य
बाल :– साँवला।
पहनावा– काला रंग का टी0शर्ट जिसमें बड़े अक्षरों में ETIHAD AIRWAY लिखा हुआ है।

अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त अज्ञात व्यक्ति का शव के बारे में पता चलता है तो नीचे अंकित दूरभाष नं0 पर अविलंब सूचित करेंगे।

पुलिस अधीक्षक, सिमडेगा – मोबाइल नं0–9431116444
पुलिस उपाधीक्षक, (मु0) सिमडेगा – मोबाइल नं0–9431706227
थाना प्रभारी, टी0टॉगर – मोबाइल नं0–9431706232
पुलिस नियंत्रण कक्ष, सिमडेगा – मोबाइल नं0–9262998531
मानव तस्करी संबंधी टोल फ्री नं0– मोबाइल नं0–1800–3456–256

पुलिस अधीक्षक,
सिमडेगा

PR 355541 Simdega(25-26).D



पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, सिमडेगा

(सर्वसाधारण के लिए सूचना)

गुमशुदा बालिका सुशीला कुमारी, उम्र लगभग–16 वर्ष, पिता–घुरन सिंह, सा0–मयंगसोर, थाना–बानो, जिला–सिमडेगा राज्य–झारखण्ड, जो एक (01) बिना किसी को बताए घर से कहीं चली गई है, जो अभी तक अपना घर वापस नहीं लौटी है। गुमशुदा बालिका की बरामदगी अभी तक नहीं हो पायी है, जिसका विवरणी निम्नवत् है:–

हुलिया की विवरणी :–
लिंग :– स्त्रीलिंग
उम्र :– 16 वर्ष
रंग :– साँवली
बाल :– काला।
उँचाई :– 05 फीट
भाशा :– सादरी एवं हिन्दी ।



अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त गुमशुदा बालिका के बारे में पता चलता है तो नीचे अंकित दूरभाष नं0 पर अविलंब सूचित करेंगे।

पुलिस अधीक्षक, सिमडेगा – मोबाइल नं0–9431116444
पुलिस उपाधीक्षक, (मु0) सिमडेगा – मोबाइल नं0–9431706227
थाना प्रभारी, बानो – मोबाइल नं0–9431706236
पुलिस नियंत्रण कक्ष, सिमडेगा – मोबाइल नं0–9262998531
मानव तस्करी संबंधी टोल फ्री नं0– मोबाइल नं0–1800–3456–256

पुलिस अधीक्षक,
सिमडेगा

PR 355538 Simdega(25-26)#D

## सूक्ति

मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़े:
अटल बिहारी वाजपेय

## खामेनेई की खरी-खरी

**ईरान** के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड़ ट्रंप को जो खरी- खरी सुनाई है। ट्रंप उसी के हकदार थे। एक तो ट्रंप इस्राइल और ईरान के संघर्ष में जबरदस्ती अपनी नाक घुसा रहे हैं दूसरे वह इस्राइल के पक्ष में ऊटपटांग बयान देकर ईरान को धमका और चिढा रहे हैं। किसी भी संप्रभु राष्ट्र का नेता ऐसे हालात में वही करेगा जो खामेनेई ने किया है। उन्होंने आत्मसमर्पण करने की ट्रंप की नसीहत को खारिज कर दिया और उल्टे चेतावनी दे ड़ाली कि संघर्ष में अमेरिका की किसी भी कूद- फांद से उसे ही अपूरणीय क्षति होगी। हालांकि इस्राइल अमेरिका की मदद के बल पर ही सीनाजोर बना हुआ है। ट्रंप ने एक ही दिन पहले ईरान से बिना शर्त आत्मसमर्पण करने को कहा था। इससे भी बढ़कर उन्होंने कहा था कि खामेनेई को मारने की फिलहाल कोई योजना नहीं है। ये सब कौन बर्दाश्त करता। तकनीकी रूप से ईरान कितना ही कमजोर हो, लेकिन इस्राइल की बेजा हरकतों का मुकाबला तो वह कर ही रहा है। इसी कारण से नेतन्याहू बिलबिला रहे हैं और चाहते हैं कि अमेरिका इस युद्ध में कूद जाए। ट्रंप हैं कि रोज बयान बदलकर ही ईरान को झुका लेना चाहते हैं। ईरान को धमकाने के लिए अमेरिका ने इस क्षेत्र में कुछ और युद्धक विमान भेजे हैं। खामेनेई ने ट्रंप के धमकी भरे और बेतुके बयानों को खारिज करते हुए कहा इस तरह की धमकियां समझदारी नहीं है। सीधे अमेरिकियों को संदेश देते हुए खामेनेई ने चेताया कि अमेरिका की किसी भी सैन्य भागीदारी से क्षेत्र में पूर्ण युद्ध छिड़. जाएगा और उसे ही अपूरणीय क्षति होगी। लगता है इस मामले में अलग थलग पड़े. ईरान के पक्ष में अरब देशों में एकजुटता की सुगबुगाहट होने लगी है। इसी कड़ी में इराक ने क्षेत्रीय चुनौतियों से निपटने के लिए इस्तांबुल में होने वाले इस्लामिक सहयोग संगठन सम्मेलन के दौरान अरब देशों के विदेश मंत्रियों की आपातकालीन बैठक बुलाने का आह्वान किया है। प्रस्तावित बैठक का उद्देश्य तेजी से बदल रहे घटनाक्रमों के मद्देनजर अरब देशों की स्थिति में समन्वय करना और साझा जिम्मेदारी की भावना के साथ मौजूदा चुनौतियों से निपटना है। हालांकि अमेरिका की चालबाजियों को देखते हुए अरब और इस्लामिक देशों की एकजुटता बहुत दूर की कौड़ी है। युद्ध के छठे दिन ईरान और इस्राइल के बीच मह'वपूर्ण संस्थानों पर हमले का सिलसिला जारी है।

## दुखी न करे वसूली

**केंद्रीय** सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी ने टोल टैक्स के हवाले से सालाना फास्टैग पास की घोषणा की। सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- परेशानीमुक्त राजमार्ग यात्रा की दिशा में परिवर्तनकारी कदम के रूप में तीन हजार की कीमत वाला फास्टैग आधारित वार्षिक पास पेश कर रहे हैं, जिसकी वैलिडिटी साल भर या दो सौ यात्राओं के लिए होगी। यह सुविधा बहरहाल विशेषकर कार, जीप व वैन जैसे गैर- वाणिज्यक निजी वाहनों के लिए है। जिसे चालू करने या रिन्यूअल के लिए राजयात्रा- एप के आलावा नेशनल हाई- वे अथोरिटी ऑफ इंडया व मिनिस्ट्री ऑफ रोड़ ट्रांसपोर्ट एंड हाई- वे की आधिकारिक वेबसाइटों पर जल्द ही लिंक की सुविधा दी जाएगी। राष्ट्रीय राजमार्ग पर नियमित या रोजाना यात्रा करने वालों को टोल क्रास करने में दस हजार रुपये से अधिक खर्चने पड़ते थे। जो अब तीन हजार में सीमित हो जाएगा। उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही इस व्यवस्था को पंद्रह साल के लिए भी लागू किया जा सकता है, जिसमें एकमुश्त तीस हजार रुपये खर्चने होंगे। इससे समय बचेगा और लंबी कतारों से मुक्ति मिल सकती है। साठ किलोमीटर के दायरे के निवासियों को सहूलियत होगी तथा ड्राइवरों टोलकर्मियों के दरम्यान होने वाली झड़प़ों को रोका जा सकेगा। फास्टैग सरकार द्वारा चालू किया गया इलेक्ट्रॉनिक स्टीकर है, जिसमें रेड़ियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन चिप लगी होती है। इसे गाड़ी के शीशे यानी विंडस्क्रीन पर चिपकाया जाता है। टोल प्लाजा से गुजरते हुए बगैर रुके टोल शुल्क का ऑटोमैटिक भुगतान हो जाता है। 15 फरवरी 2021 से देश के सभी चार पहिया वाहनों के लिए इसे अनिवार्य किया जा चुका है। अमेरिका, आस्ट्रेलिया व दुबई में इसी तर्ज पर टोल का भुगतान होता है। इससे न सिर्फ ईधन व वक्त की बचत होती है बल्कि सरकारी खाते में सीधा धन जाता है। टोल की चोरी पर काफी हद तक काबू किया गया है। आने वाले समय में उम्मीद है कि वाहनों के निर्माण के साथ ही ऐसी तकनीक भी जोड़ी जा सके जिससे टोल सिस्टम पूरी तरह ऑटोमैटिक हो जाए। बहरहाल उम्मीद करनी चाहिए कि इस नई व्यवस्था से सरकार एकमुश्त धन ही एकत्र न करे, बल्कि वाहन चालकों की सुविधाओं का ख्याल रखे व अड़चनों से छुटकारा दिलाए।

# प्रजनन दर गिरने के बावजूद भारत जनसंख्या में सबसे आगे

भारत ने प्रजनन दर और मातृ मृत्यु दर को कम करने में उल्लेखनीय प्रगति की है। 1970 के दशक से, बेहतर प्रजनन स्वास्थ्य और शिक्षा ने लाखों जिंदगियां बचाई हैं। फिर भी, राज्यों, जातियों और आय समूहों में गहरी असमानताएं मौजूद हैं। ग्रामीण और हाशिए पर रहने वाले समुदायों को प्रजनन स्वास्थ्य सेवाओं तक कम पहुंच है। लैंगिक भेदभाव, बाल विवाह और असंतुलित लिंगानुपात चुनौतियां बनी हुई हैं।

**जयसिंह रावत**

**संयुक्त** राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) की विश्व जनसंख्या स्थिति 2025 रिपोर्ट, जिसका शीर्षक है द रियल फर्टिलिटी क्राइसिस (वास्तविक प्रजनन संकट), मंगलवार, 10 जून 2025 को जारी हुई। यह रिपोर्ट भारत की जनसांख्यिकीय स्थिति पर महत्वपूर्ण जानकारी देती है।

इसके अनुसार, भारत की जनसंख्या 2025 में 1.46 अरब (146.39 करोड़) तक पहुंचने का अनुमान है, जिसके साथ भारत विश्व का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बना रहेगा। भारत ने 2022 में ही चीन को जनसंख्या के मामले में पीछे छोड़ दिया था। साथ ही, देश की कुल प्रजनन दर (टीएफआर) 1.9 बच्चों प्रति महिला तक गिर गई है, जो प्रतिस्थापन दर (2.1) से नीचे है।

**भारत की जनसंख्या:** 1.46 अरब का मील का पत्थर: रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि भारत की जनसंख्या, जो 2022 में ही चीन (1.411 अरब) को पीछे छोड़ 1.412 अरब हो गई थी, 2025 में 1.46 अरब तक पहुंच जाएगी। यह जनसंख्या 2060 के दशक में 1.7 अरब के शिखर पर पहुंचने के बाद धीरे-धीरे कम होने लगेगी। यह वृद्धि बड़ी संख्या में प्रजनन आयु की महिलाओं के कारण है, भले ही प्रजनन दर में कमी आई हो।

भारत की जनसांख्यिकीय विविधता उल्लेखनीय है, जहां बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश जैसे उत्तरी राज्यों में प्रजनन दर अधिक है, वहीं केरल, तमिलनाडु और नई दिल्ली जैसे दक्षिणी क्षेत्रों में यह दर यूरोपीय देशों के समान निम्न है।

**प्रजनन दर में ऐतिहासिक गिरावट:** रिपोर्ट के अनुसार, भारत की कुल प्रजनन दर अब 1.9 बच्चे प्रति महिला है, जो प्रतिस्थापन दर 2.1 से कम है। यह 1970 के दशक के लगभग 5 बच्चों और 1960 के 6 बच्चों की तुलना में उल्लेखनीय कमी है। शिक्षा में सुधार, प्रजनन स्वास्थ्य सेवाओं तक बेहतर पहुंच और गर्भनिरोधकों के उपयोग में वृद्धि इसके प्रमुख कारण हैं। हालांकि, क्षेत्रीय असमानताएं बनी हुई हैं। तमिलनाडु (1.4) और कर्नाटक (1.6) जैसे राज्यों में प्रजनन दर बहुत कम है, जबकि उत्तरी राज्यों में यह अभी भी अपेक्षाकृत अधिक है।

**वास्तविक प्रजनन संकट: प्रजनन स्वायत्तता की कमी:** यूएनएफपीए की रिपोर्ट प्रजनन संकट को जनसंख्या वृद्धि या कमी के रूप में नहीं, बल्कि लाखों लोगों की अपनी इच्छित परिवार संख्या प्राप्त करने में असमर्थता के रूप में परिभाषित करती है। भारत में, 36% वयस्क अनचाहे गर्भधारण का सामना करते हैं, और 30% अपनी इच्छा के अनुसार अधिक या कम बच्चे पैदा करने में असमर्थ हैं।

गर्भनिरोध, सुरक्षित गर्भपात, मातृ स्वास्थ्य सेवाओं और बांझपन उपचार तक सीमित पहुंच, साथ ही सामाजिक और लैंगिक मानदंड, इसके प्रमुख अवरोध हैं।

**जनसांख्यिकीय लाभांश का अवसर :** भारत की जनसंख्या युवा है, जिसमें 24% लोग 0-14 वर्ष, 17% 10-19 वर्ष और 26% 10-24 वर्ष के हैं। 68% जनसंख्या कार्यशील आयु (15-64 वर्ष) में है, जो उचित रोजगार, शिक्षा और नीतिगत ढांचे के साथ जनसांख्यिकीय लाभांश प्रदान कर सकती है।

हालांकि, 7% बुजुर्ग जनसंख्या (65 वर्ष से अधिक) के बढ़ने की उम्मीद है, और जीवन प्रत्याशा पुरुषों के लिए 71 वर्ष और महिलाओं के लिए 74 वर्ष तक पहुंच गई है। जनसंख्या दोगुना होने का समय अब 79 वर्ष है, जो धीमी वृद्धि को दशार्ता है। प्रगति के साथ बनी असमानताएं: भारत ने प्रजनन दर और मातृ मृत्यु दर को कम करने में उल्लेखनीय प्रगति की है। 1970 के दशक से, बेहतर प्रजनन स्वास्थ्य और शिक्षा ने लाखों जिंदगियां बचाई हैं। फिर भी, राज्यों, जातियों और आय समूहों में गहरी असमानताएं मौजूद हैं। ग्रामीण और हाशिए पर रहने वाले समुदायों को प्रजनन स्वास्थ्य सेवाओं तक कम पहुंच है। लैंगिक भेदभाव, बाल विवाह और असंतुलित लिंगानुपात चुनौतियां बनी हुई हैं।

यूएनएफपीए भारत की प्रतिनिधि, एंड्रिया एम. वोज्नर ने कहा, भारत ने प्रजनन दर को कम करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है, लेकिन असमानताएं बनी हुई हैं। वास्तविक जनसांख्यिकीय लाभांश तब मिलेगा जब हर व्यक्ति को सूचित प्रजनन विकल्प चुनने की स्वतंत्रता और साधन मिलें।

**भविष्य की चुनौतियां:** तेजी से बढ़ती बुजुर्ग जनसंख्या भारत तेजी से जनसांख्यिकीय परिवर्तन से गुजर रहा है। बुजुर्ग जनसंख्या 7% से बढ़कर 14% तक मात्र 28 वर्षों में दोगुनी हो जाएगी, जो फ्रांस (120 वर्ष) या स्वीडन (80 वर्ष) की तुलना में बहुत तेज है। 40% से अधिक बुजुर्ग सबसे गरीब आय वर्ग में हैं, जो स्वास्थ्य, पेंशन और सामाजिक सुरक्षा के लिए चुनौतियां पेश करता है। रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि भारत धनी होने से पहले बूढ़ा हो रहा है।

जनसंख्या नहीं, स्वायत्तता पर ध्यान: रिपोर्ट जनसंख्या वृद्धि या कमी के डर को खारिज करती है और प्रजनन स्वायत्तता को प्राथमिकता देने का आह्वान करती है। भारत में इसका मतलब है कि परिवार के आकार को प्रोत्साहित या हतोत्साहित करने वाली नीतियों से हटकर प्रजनन स्वास्थ्य सेवाओं तक सार्वभौमिक पहुंच सुनिश्चित करना।

गर्भनिरोध, सुरक्षित गर्भपात, मातृ स्वास्थ्य और बांझपन उपचार तक पहुंच बढ़ाने, बाल देखभाल, शिक्षा, आवास और कार्यस्थल लचीलापन में निवेश करने, अविवाहित व्यक्तियों, एलजीबीटीक्यूआईए+ समुदायों और हाशिए पर रहने वाले समूहों के लिए सेवाएं उपलब्ध कराने, स्वास्थ्य साक्षरता बढ़ाने और सामाजिक रूढ़ियों को चुनौती देने के लिए सामुदायिक पहल शुरू करने की आवश्यकता है। यह न केवल सामाजिक स्थिरता बल्कि आर्थिक समृद्धि के लिए भी महत्वपूर्ण है।

जनसांख्यिकीय चुनौतियों का समाधान: संयुक्त राष्ट्र की यह रिपोर्ट भारत के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर और चुनौती दोनों प्रस्तुत करती है। 1.46 अरब की जनसंख्या और 1.9 की प्रजनन दर के साथ, भारत को अपनी युवा आबादी का लाभ उठाने और तेजी से बढ़ती बुजुर्ग आबादी की जरूरतों को संतुलित करने की आवश्यकता है।

प्रजनन स्वायत्तता और समावेशी नीतियों पर ध्यान देकर, भारत न केवल अपनी जनसांख्यिकीय चुनौतियों का समाधान कर सकता है, बल्कि एक समृद्ध और समान भविष्य की ओर भी बढ़ सकता है।

# कर्मचारियों की मानसिक समस्याएं

सहज और सम्मानजनक बातचीत से कर्मचारी और मालिक के बीच एक जुड़ाव बनता है। इससे कर्मचारियों को प्रोत्साहन मिलता है। वर्कप्लेस पर ऐसा माहौल तैयार करने की जरूरत है, जिसमें कर्मचारी बिना किसी अंदेशे के अपने विचार साझा कर सकें। ऐसा माहौल सबके लिए फायदेमंद होता है। ऐसे कई उदाहरण हैं, जिनमें सहज माहौल में बातचीत के जरिए दफ्तरों के अंदर के कई जटिल मसले आसानी से हल कर लिए गए। काम करने में आजादी महसूस करना भी पॉजिटिव माहौल के लिए आवश्यक होता है। जब कोई कर्मचारी स्वतंत्र रूप से काम करता है, तो वह अपना पूरा प्रयास लगाता है।

**डा. वरिंदर भाटिया**

**एक** ताजा मीडिया रिपोर्ट के अनुसार देश में अधिकतर कर्मचारी गंभीर बीमारियों, मानसिक तनाव और थकावट से जूझ रहे हैं। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि 40 साल की उम्र तक पहुंचते-पहुंचते अधिकतर कर्मचारियों को गंभीर बीमारियां होने लगती हैं। 40 प्रतिशत कर्मचारी हर महीने मानसिक तनाव की वजह से छुट्टी लेते हैं। हर 5 में से 1 कर्मचारी थकावट की वजह से नौकरी छोड़ने पर विचार कर रहा है। इस रिपोर्ट के अनुसार, आजकल बड़ी और खतरनाक बीमारियां 30 की उम्र के बाद जल्दी-जल्दी लोगों को होने लगी हैं। आम तौर पर किसी सामान्य व्यक्ति का सबसे ज्यादा समय वर्कप्लेस पर ही बीतता है। स्वाभाविक ही वर्कप्लेस का बिगड़ा माहौल बड़ी संख्या में लोगों को शारीरिक और मानसिक रूप से बीमार बना रहा है। वर्कप्लेस के बिगड़े माहौल का मतलब उन हालात से है, जिनमें कर्मचारियों को लगातर दबाव में काम करना पड़ता है, काम की वजह से वे खुद को हमेशा तनाव में महसूस करते हैं। आम तौर पर इसके लिए काम लेने का दोषपूर्ण अंदाज जिम्मेदार होता है। भारत की ही कई हालिया रिपोर्टों में मानसिक तनाव के कारण कॉरपोरेट अधिकारियों पर पड़ने वाले प्रभावों को उजागर किया गया है। हार्ट की बीमारी औसतन 32 साल की उम्र में शुरू हो रही है। कैंसर की जानलेवा बीमारी लगभग 33 साल की उम्र में लोगों में पाई जा रही है। डायबिटीज करीब 34 साल की उम्र में लोगों में शुरू हो रही है। किडनी जैसी गंभीर बीमारी 35 साल की उम्र में सामने आ रही है। दिमाग से जुड़ी बीमारियां, जैसे स्ट्रोक, ब्रेन में ब्लड सप्लाई रुकना आदि 36 साल की उम्र में हो रही हैं। कम उम्र में गंभीर बीमारियां होने से लोगों की सेहत जल्दी खराब हो रही है, जिससे उनका निजी जीवन और काम करने की क्षमता दोनों पर असर पड़ता है। इससे हेल्थकेयर सिस्टम पर बोझ पड़ता है और कहीं न कहीं इसका असर देश की आर्थिक तरक्की पर भी पड़ता है। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि मानसिक स्वास्थ्य की समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। सबसे बड़ी चिंता एंग्जायटी की समस्या है। इससे जुड़ी सच्चाई जानने की कोशिश करते हैं।

समय के साथ लोगों के काम करने के तरीकों में भी बदलाव आया है। ऑफिस में 9 से 5 की जॉब कब नौ से दस घंटे की बन जाती है, लोगों को पता ही नहीं चल पाता है। अपने दिन का ज्यादातर समय ऑफिस में बिताने के चलते इस माहौल में बढ़ते स्ट्रेस का असर लोगों की मानसिक स्थिति को खराब करने का एक मुख्य कारण बनता है। दरअसल, प्रोमोशन और सैलरी के ग्राफ को लगातार बढ़ाने के लिए लोग दिन-रात जी-तोड़ मेहनत करते हैं। ऐसे में कई बार उनको स्ट्रेस, तनाव और कई प्रोजेक्ट के सही तरह से वर्क न करने के चलते तनाव का भी शिकार होना पड़ता है। कार्यस्थल पर तनाव के कारण की वजह से लगातार थकान, नींद में कमी, पेट की समस्या, घबराहट, चिड़चिड़ापन और काम में फोकस न कर पाने के लक्षण महसूस होते हैं। यह तनाव अल्जाइमर और डिमेंशिया जैसी बीमारियों के खतरे को भी बढ़ा सकता है। ऐसा क्यों हो रहा है? सबसे पहले, जब काम का बोझ अत्यधिक बढ़ जाता है और काम के टारगेट को पूरा करने के लिए समय सीमा कम होती है, तो यह स्ट्रेस का मुख्य कारण बन सकता है। जब व्यक्ति को सही दिशा-निर्देश और संसाधन नहीं मिलते हैं, तो उसको तनाव होने लगता है, जिससे व्यक्ति काम में असफल महसूस करता है। ऑफिस में जॉब की जिम्मेवारी भी आपके तनाव का कारण बन सकती है। इसके अलावा, कर्मचारियों को रिस्पोंसिबिलिटी न देना और कभी कमचार्री पर ज्यादा वर्क लोड डालना भी स्ट्रेस का कारण बन सकता है। ऑफिस में काम के प्रेशर और देर रात तक काम करने के चलते व्यक्ति घर और ऑफिस की जिम्मेदारियों के बीच तालमेल नहीं बना पाता है। ऐसे में भी उसको वर्क स्ट्रेस हो सकता है। इसके अलावा, ऑफिस में सहकर्मियों के साथ होने वाली पॉलिटिक्स भी कई बार स्ट्रेस का कारण बन सकती है। इसके अलावा वेतन कम होना भी कुछ कर्मचारियों में स्ट्रेस का कारण बन सकता है। इन सभी बिंदुओं पर कर्मचारियों के हित में तुरंत ध्यान दिए जाने की जरूरत है। ज्यादातर कर्मचारियों को लगता है कि अपनी कोई समस्या उठाने पर उन्हें गलत ढंग से ह्यजजह्ल किया जा सकता है।

खासकर अपने देश की बात की जाए तो ज्यादातर कर्मचारियों को लगता है कि अपनी कोई समस्या उठाने पर उन्हें गलत ढंग से जज किया जाएगा। इसके पीछे यह तथ्य भी है कि आम तौर पर सीनियर्स या बॉस कर्मचारियों से यह अपेक्षा रखते हैं कि वे समस्या लेकर आने के बजाय उनके सामने सॉल्यूशन पेश करेंगे। स्वाभाविक ही है, अपनी समस्या में उलझा कर्मचारी सहजता के साथ बॉस को अपनी हालत नहीं बता पाता। उसे गलत आंके जाने का डर रहता है। वर्कप्लेस पर कई बार कर्मचारियों से बुरा व्यवहार किया जाता है। उनके लिए अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया जाता है। दूसरे कर्मचारियों से तुलना कर उन्हें नीचा दिखाने का प्रयास होता है। इनसे पॉजिटिव नतीजे मिलना मुश्किल है। इसके बदले बातचीत के जरिए गुणवत्ता में सुधार की तरफ ध्यान देना ज्यादा कारगर हो सकता है।

सहज और सम्मानजनक बातचीत से कर्मचारी और मालिक के बीच एक जुड़ाव बनता है। इससे कर्मचारियों को प्रोत्साहन मिलता है। वर्कप्लेस पर ऐसा माहौल तैयार करने की जरूरत है, जिसमें कर्मचारी बिना किसी अंदेशे के अपने विचार साझा कर सकें। ऐसा माहौल सबके लिए फायदेमंद होता है। ऐसे कई उदाहरण हैं, जिनमें सहज माहौल में बातचीत के जरिए दफ्तरों के अंदर के कई जटिल मसले आसानी से हल कर लिए गए। काम करने में आजादी महसूस करना भी पॉजिटिव माहौल के लिए आवश्यक होता है। जब कोई कर्मचारी स्वतंत्र रूप से काम करता है, तो वह अपना पूरा प्रयास लगाता है। ऐसे में उसका प्रदर्शन तो अच्छा होता ही है, मनोवैज्ञानिक स्तर पर भी इसके फायदे मिलते हैं। ऐसा सिस्टम विकसित करने की जरूरत है कि कर्मचारियों में किसी प्रकार का तनाव न हो। वे खुद को दबाव में न महसूस करें। जब कोई व्यक्ति मानसिक रूप से आश्वस्त रहता है, तो उसमें अपमान या शर्म महसूस करने जैसी बात नहीं होती। वर्कप्लेस में ऐसा माहौल बनाने के लिए प्रबंधकों और टॉप लीडर्स को विशेष प्रयास करने चाहिएं। चुनी हुई सरकारें यदि कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य की तुरंत सुध लें तो यह सोने पर सुहागा होगा।

# आत्मा

## चिंतन-मनन

**श्रीराम शर्मा आचार्य**

**आत्मा** को कितना ही कुचला जाये वह न मरने वाली है और न हार मानती है। अनसुनी, उपेक्षित पड़ी रहने पर भी अंतरात्मा की विरोधी आवाज उठती ही रहती है। दुष्कर्म करते समय जी धड़कता और पैर कांपते हैं। यह स्थिति कितनी ही दुर्बल क्यों न कर दी जाए, उसका अस्तित्व बना ही रहेगा और झंझट तब तक चलता ही रहेगा, जब तक दुष्प्रवृत्तियां उस घुसपैठ से अपना पैर वापस न लौटा लें। अंतर्द्वन्द्व जीवन की शांति और सुव्यवस्था को नष्ट करते हैं। प्रगतिपथ अवरु द्ध करते हैं और भविष्य को अंधकारमय बनाते हैं। पापों की परिणति से किसी भी बहाने बचा नहीं जा सकता। यह शारीरिक संविधान की सामान्य क्रिया पद्धति हुई। इसके अतिरिक्त समाजगत, प्रकृतिगत एवं ईश्वरीय व्यवस्था के और भी ऐसे कितने ही आधार हैं। जिनके कारण कुमार्गगामी को अपने दुष्कृत्यों के दण्ड अनेक प्रकार से भुगतने के लिए विवश होना पड़ता है। राजदण्ड की व्यवस्था इसीलिए है कि दुष्कर्मों की आवश्यक रोकथाम की जा सके और अनीति बरतने वालों को उनकी करतूतों का मजा चखाया जा सके। पुलिस, कचहरी, जेल, फांसी आदि की शासकीय दण्ड व्यवस्था का अस्तित्व मौजूद है। चतुरता बरतने पर भी लोग अक्सर उसकी पकड़ में आ जाते हैं और आर्थिक, शारीरिक, मानिसक दण्ड भुगतते हैं, बदनामी सहते और नागरिक अधिकारों से वंचित होते हैं। इतने पर भी पीछा नहीं छूटता। शारीरिक व्याधि और मानिसक आधि उन्हें घेरती है और तिल-तिल करके रेतने, काटने जैसा कष्ट देती है। शरीर पर मन का अधिकार है। अचेतन मन के नियंत्रण में आकुंचन,प्रकुंचन, निमेष,उन्मेष, भास- प्रभास, रक्त-संचार,ग्रहण-विसर्जन आदि अनेकों स्वचालित समझी जाने वाली गतिविधियां चलती हैं। चेतन मन की शक्ति से ज्ञानेद्रियां और कर्मेनेंद्रियां काम करती हैं। शरीर तभी तक जीवित है जब तक उसमें चेतना का अस्तित्व है। प्राण निकलते ही शरीर सड़ने और नष्ट होने लगता है। चेतना का केंद्र स्थान मस्तिष्क है। मन के रूप में ही हम चेतना का अस्तित्व देखते एवं क्रिया-कलापों का अनुभव करते हैं। यह संस्थान मनोविकारों से पाप- ताप एवं कल्मषों से विकृत होता है तो उसका प्रभाव शारीरिक आरोग्य पर भी पड़ता है और मानसिक संतुलन पर भी।

## आपके पत्र

### मानव जीवन और विकास में पुस्तकों की भूमिका

**ज्ञानार्जन** या ज्ञानोपलब्धि के लिए स्वाध्याय और पुस्तकों का सम्बन्ध अन्न और जल तथा सुई और धागे की तरह एक-दूसरे का पोषक एवं पूरक है। स्वाध्याय के साथ पुस्तकों और पुस्तकालयों का महत्त्व और उनकी उपयोगिता पर भी चिंतन करना अपेक्षित है। देव-पूजन में जितना महत्त्व देवी-देवों का है, उतना ही महत्त्व देवालयों का है। यदि देव मंदिर अथवा देवालय नहीं होंगे तो देव-विग्रह की प्रतिष्ठा कहां होगी। हम सभी जानते हैं कि पुस्तक स्वयं में ज्ञान नहीं है। वह निर्जीव कागजों का एक संपुट है, परंतु ज्ञान का यह एक महत्त्वपूर्ण माध्यम है, जिसकी उपयोगिता सर्वमान्य है।

पुस्तकें देखने में अजीब अथवा जड़ दिखाई देती हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि उनमें लेखकों, रचयिताओं की आत्मा बसी रहती है। इसलिए भावात्मक दृष्टि से उस ज्ञान के साधन को ज्ञान मानकर प्रतिष्ठित किया गया है।

आरपी वर्मा, रांची

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## समाचार सार

### हूल दिवस पर भोगनाडीह में विशेष कार्यक्रम करेगी : कर्मवीर



**साहिबगंज/बरहरवा :** माता विंध्यवासिनी की पावन भूमि बरहरवा में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय एवं संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह गुरुवार को बरहरवा स्टेशन में बननांचल एक्सप्रेस ट्रेन से उतरे जहां कार्यकताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। तत्पश्चात माता विंध्यवासिनी मंदिर में पूजा अर्चना कर वृक्षारोपण भी किया। इसके बाद पार्टी के पदाधिकारी ने बरहेट के लिए प्रस्थान किया जहां पर अमर शहीद सिद्धू कानू के जन्म स्थली भोगनाडीह में 30 जून को हुल दिवस की तैयारी को लेकर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित पूर्व सांसद सुनील सोरेन, पूर्व मंत्री लोबीन हेमब्रम,पूर्व विधायक अनंत ओझा सहित अन्य लोग ने हुल दिवस को इस वर्ष भारतीय जनता पार्टी बृहद रूप से मनाए जाने को लेकर कार्यकताओं के साथ बैठक किया।इस संबंध में प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने बताया कि पार्टी इस वर्ष हूल दिवस के अवसर पर शाहिद सिद्धू कानों की जन्मस्थली भोगनाडीह में विशेष कार्यक्रम करेगी।जिसे लेकर बृहद रूप से तैयारी चल रही है।बैठक में प्रदेश कार्य समिति सदस्य धर्मेंद्र कुमार,सिद्धू कानू के वंशज मंडल मुर्मू,जिला अध्यक्ष उज्जल मंडल कुसुमाकर तिवारी,अमित भारती,अरविंद पांडे,विक्की गुप्ता सहित अन्य लोग शामिल थे।

### मुख्य धारा सह रोजगार से जोड़ने के लिए प्रशिक्षण देना है : उपेंद्र गोप



**साहिबगंज :** भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण रोजगार प्रशिक्षण संस्थान साहिबगंज के माध्यम से तीस दिवसीय एसी फ्रिज रिपेयर व सर्विसिंग और जेनरल एडीपी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। जहाँ आसेटी प्रशिक्षक राजहंस कुमार और उपेंद्र गोप ने सभी प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र देकर उनके उज्जवल भविष्य का कामना किए।आसेटी प्रशिक्षक राजहंस कुमार ने बताया की प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गांव के बेरोजगार युवाओं को प्रशिक्षित कर उनको मुख्य धारा सह रोजगार से जोड़ने के लिए प्रशिक्षण देना है।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में झारखंड आजीविका सखी मंडल जेएसएलपीएस साहिबगंज की कुल तीस दीदियों के बच्चे को प्रशिक्षण दिया गया,युवाओं को ऐसी रिपेयर एंड फ्रिज रिपेयर सिखाया गया साथ ही बचत की आदत को डालने के लिए प्रेरित किया.इस कार्यक्रम में कुल 31 युवाओं को प्रशिक्षित किया गया जो विभिन्न प्रखंडों से आए हुए हैं जिसमें राजमहल,बरहरवा पतना,बोरियों,बरहेट एवं तालझारी के प्रशिक्षु उपस्थित हैं मौके पर आरसेटी के सहायक रंजीत कुमार ठाकुर,आकाश कुमार एवं तौफीक आलम,सुरेन्द्र मुर्मू नीरज कुमार शर्मा उपस्थित थे।

### कांग्रेस नेता राहुल गांधी हमेशा गरीब दलितों की आवाज उठाते रहे है : एखलाक नदीम




**साहिबगंज :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के जन्मदिन की अवसर पर साहिबगंज युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अखलाक नदीम के नेतृत्व में साहिबगंज सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक मे रक्तदान शिविर लगाया गया।इस अवसर पर बोरियो विधानसभा अध्यक्ष असगर अफरीदी साहिबगंज युवा कांग्रेस का नगर उपाध्यक्ष साकिब अंसारी उर्फ छोटू,जिला महासचिव उमेश मंडल,सूरज कुमार,बड़का मुर्मू,प्रखंड सचिव साथियों ने रक्तदान कर राहुल गांधी को देश की सच्चाई के लिए लड़ते हुए इस संघर्ष भरे यादों को अपने रक्तदान कर राहुल गांधी को जन्मदिन की बधाई दी। युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष एखलाक नदीम ने कहा की कांग्रेस नेता राहुल गाँधी हमेशा गरीब दलितों की आवाज उठाते रहे है।उन्होंने कहा की आज राहुल गाँधी का ही देन है जो केंद्र सरकार जातिगत जनगणना कराने के लिए तैयार है।मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मोहम्मद कलीमुद्दीन,नगर कांग्रेस अध्यक्ष सतीश पासवान,युवा कांग्रेस सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर अजफर खान सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

### डीसी ने सुनी लोगों की समस्याएं

**देवघर :** जिलावासियों के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर जिले के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा द्वारा गुरुवार को उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में भू-अर्जन व मुआवजा भुगतान से संबंधित, अनुकम्पा, बिजली बिल माफी, फसल बीमा योजना, भू-राजस्व, पेंशन, सेविका की नियुक्ति, स्कूलों में शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति से जुड़े मामलों को उपायुक्त के समक्ष रखा। साथ ही उपायुक्त द्वारा वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी गयी एवं आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जाँच कराते हुए जल्द से जल्द सभी का समाधान किया जाएगा। इसके अलावे जनता दरबार के दौरान विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएँ को सुनने के पश्चात उपायुक्त श्री लकड़ा ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े शब्दों में निदेशित किया गया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए, उसका समाधान जल्द से जल्द करें।

# शिक्षा विभाग में मध्यान भोजन के चावल कि हो रही लूट और विभाग मौन : संत कुमार घोष

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/राजमहल:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन साहिबगंज जिला के शिक्षा विभाग में मध्यान भोजन के चावल में लगातार एक स्कूल में गड़बड़ी नहीं बल्कि दर्जनों विधालय में गड़बड़ी मिल रही है। यदि पुरे साहिबगंज जिला के स्कूल कि बात किया जाए तो लगभग विधालय में चावल बेचने की सूचना मिल ही जायेगी और लगातार आये दिन समाचार पत्रों में भी प्रकाशित हो रही है।ये बाते समाजिक कार्यकर्ता संत कुमार घोष ने प्रेस बयान जारी कर कहा.उन्होंने स्कूल के मध्यान भोजन की गड़बड़ी को देखते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी से सूचनाओं की मांगी थी की साहिबगंज जिले के प्रत्येक राजमहल,उधवा, साहिबगंज तालझारी प्रखंड अंतर्गत दो-दो विद्यालयों को सूचना अधिकार अधिनियम के तहत निरीक्षण करना तथा बच्चों की उपस्थिति पंजी एवं मध्यान भोजन से संबंधित दस्तावेज की जानकारी मांगी गई थी लेकिन जिला शिक्षा पदाधिकारी साहिबगंज में निरीक्षण करने तथा सूचना उपलब्ध करवाने में असमर्थ दिखाई है और यह कह कर सूचना उपलब्ध नहीं कराया है की जिला शिक्षा पदाधिकारी सक्षम प्राधिकारी नहीं है।इसके लिए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड रांची से अनुमति प्राप्त किया जा सकता है।जिला शिक्षा पदाधिकारी सह क्षेत्र शिक्षा संयुक्त निदेशालय दोनों पद पर बने हुए हैं जबकि सूचना अधिकार अधिनियम में यह प्रावधान है कि स्कूल निरीक्षण करने की दिन तिथि तथा समय



उपलब्ध कराई जा सकती है लेकिन शिक्षा विभाग के द्वारा निरीक्षण करने की निर्धारित तिथि उपलब्ध करा दी जाती है तो शिक्षा विभाग में शिक्षा विभाग के मध्यान भोजन के चावल तथा बच्चों की उपस्थिति पंजी में बहुत बड़ा घोटाला निकल सकता है।इसी के भय से सुचना उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है।उन्होंने कहा की साहिबगंज जिला निरीक्षण करने पर एवं बच्चा की उपस्थिति को लेकर भी गड़बड़ियां दिख रही है और तो और साहिबगंज जिला के जिला शिक्षा पदाधिकारी भी इस बड़ी को सुधार करने में असमर्थ है।साहिबगंज जिले के कुछ प्रखंडों में मध्यान भोजन के चावल में जो गड़बड़ी एवं घोटाले हो रही है इसकी जांच भी नहीं कर रहे हैं। और ना ही करने दे रहे हैं।राजमहल के सामाजिक कार्यकर्ता संत कुमार घोष ने शिक्षा विभाग साहिबगंज से सूचना अधिकार अधिनियम के तहत सूचना मांगी थी कि साहिबगंज जिले के प्रत्येक प्रखंड से दो दो विद्यालयों को बच्चों की उपस्थिति पंजी एवं मध्यान भोजन से संबंधित भंडार पंजी का निरीक्षण करना चाहता है लेकिन शिक्षा विभाग ने निरीक्षण करने की अनुमति नहीं दी है कहीं ना कहीं सूचना अधिकार अधिनियम का भी उल्लंघन किया जा रहा है।उन्होंने मुख्यमंत्री से निवेदन है कि इस प्रकार स्कूल में जो मध्यान भोजन के चावल में घोटाला चल रही है सही से जांच किया जाए तो बहुत बड़ा घोटाला निकल सकता है.कहा की मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधानसभा क्षेत्र में भी मध्यान भोजन के चावल बेचे जाने की समाचार प्रकाशित हुई थी।शिक्षा विभाग में मध्यान भोजन के चावल में लूटखसोट का माध्यम बना हुआ है। साहिबगंज जिला शिक्षा पदाधिकारी का भी मौन समर्थन प्राप्त है।

## नशा मुक्त साहिबगंज के निर्माण में सहयोग करें : नित्यानंद

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद और युवा कार्य विभाग झारखंड रांची के निदेशानुसार 10 जून से 26 जून 2025 तक निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी के खिलाफ विशेष जन-जागरूकता अभियान के तहत साहिबगंज जिले में जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला चलाई जा रही है।

इसी क्रम में जिला खेल कार्यालय, साहिबगंज में कार्यरत पर्यटन विशेषज्ञ गौरव प्रियदर्शी द्वारा जिले के प्रमुख पर्यटक स्थल मोती झरना में पर्यटकों को नशापान से दूर रहने, समाज में इसके दुष्परिणाम नशा-मुक्त जीवन शैली को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही आसपास के ग्रामीणों को भी नशा के प्रति सचेत करते हुए सामाजिक कर्तव्यों को निभाने की अपील की



गई।इसके अतिरिक्त अपग्रेड उच्च विद्यालय, जामनगर राजमहल +2 उच्च विद्यालय कोदरजन्ना में विद्यार्थियों को मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए शपथ दिलाई गई कि वे स्वयं नशा से दूर रहेंगे व अपने माता-पिता, परिजनों और समुदाय को भी नशा मुक्त जीवन अपनाने हेतु प्रेरित करेंगे।इस जागरूकता अभियान को सफल बनाने में मोती झरना विकास समिति के सदस्य नित्यानंद मंडल सदानंद मंडल, अपग्रेड उच्च विद्यालय जामनगर के खेल शिक्षक सोनू, +2 उच्च विद्यालय कोदरजन्ना के शिक्षक बिरेंद्र कुमार एवं संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्यों का सक्रिय सहयोग प्राप्त हुआ।जिला प्रशासन द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे इस अभियान में सहभागी बनें और नशा मुक्त साहिबगंज के निर्माण में सहयोग करे।

## कांग्रेस सभी धर्मों और वर्गो का सम्मान करती है : बरकतुल्लाह खान

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी के 55 वें जन्मदिन के अवसर पर कांग्रेसजनों ने साहिबगंज कांग्रेस कार्यालय में एक समारोह का आयोजन किया.जिलाध्यक्ष बरकतुल्लाह खान के नेतृत्व में केक काटा गया और राहुल गांधी के चित्र को केक खिलाकर शुभकामनाएं दी गई।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सभी धर्मों और वर्गो का सम्मान करते हुए देश को तरक्की की राह पर ले जाने का काम करती आ रही है.सांप्रदायिकता और नफरत फैलाने वाली ताकतों के खिलाफ राहुल गाँधी देश के कोने कोने में मुहब्बत का पैगाम फैलाकर सांप्रदायिक ताकतों नाकाम कर दिया.इस अँधेरे काल में राहुल




गाँधी एक मशाल की तरह लोगों की जिंदगी में राशनी भरने का काम कर रहे हैं।बढ़ती महंगाई,गरीबी, बेरोजगारी और सामाजिक असमानता के मुद्दे पर जनता के बीच रहकर राहुल गाँधी लगातार संघर्ष कर रहे हैं.जातिगत जनगणना पर उनके प्रयासों को जिला अध्यक्ष ने ऐतिहासिक बताया.जिला अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता राहुल गाँधी के सभी अभियानों को सफल बनाने के लिए निरंतर प्रयास करता रहेगा.जन जन के नेता राहुल गाँधी को हमसब की तरफ से जन्मदिन की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं !आपका साहस ऐसे ही देशवासियों को ऊर्जा देता रहे ऐसी ईश्वर से कामना करता हूं. कार्यक्रम में अनुकूल चंद्र मिश्रा, मुर्शाद अली, मोहम्मद कलीमुद्दीन बासुकीनाथ यादव, नित्यानंद गुप्ता,सुनील पासवान यमुना दास,अली कुरैशी, सतीश पासवान, सबदुल, रियाज, सादिक, सुरज पासवान, शिव चरण प्रसाद सिंहा, कमाल अहमद, जाहिद खान, दिनेश सिंह, सुल्तान अहमद,प्रकाश टोप्पो, मो.सबदुल, लोकनाथ घोष एवं अन्य दर्जनों कांग्रेसजन शामिल थे।

## राजस्व संग्रहण से जुड़ी सभी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और गति लाएं : उपायुक्त



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में राजस्व संग्रहण, राजस्व विभाग और आपदा प्रबंधन के तहत संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई।बैठक की शुरूआत में वाणिज्य कर विभाग द्वारा वार्षिक लक्ष्य के विरुद्ध प्राप्त राजस्व की जानकारी दी गई। जिसमें बताया गया कि विभाग ने लक्ष्य की पूर्ति की है। वहीं उत्पाद विभाग ने 1042.86लाख रुपये की वसूली कर 15.34% लक्ष्य प्राप्त किया। परिवहन विभाग ने 398.62 लाख रुपये के लक्ष्य का 15.38% राजस्व वसूली कर बेहतर प्रदर्शन किया।मोटर यान निरीक्षक विभाग ने 17.82 लाख की वसूली कर 7.69% लक्ष्य प्राप्त किया। नगर निकायों की बात करें तो साहिबगंज नगर परिषद मे और राजमहल नगर पंचायत ने 113.75 % राजस्व वसूली की है। मापतौल विभाग मत्स्य विभाग ने 27.69% और विद्युत बोर्ड ने 1991.15 लाख रुपये की वसूली कर 18.44 लक्ष्य को पार कर लिया है। जबकि मई माह में भू-सेस, भू-लगान , दाखिल खारिज, परिशोधन, जीएम लैंड सम्मरू और भूमि अधियाचना से संबंधित मामलों की भी गहन समीक्षा की गई। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राजस्व संग्रहण से जुड़ी सभी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और गति लाई जाए, ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ समय पर जनता तक पहुंच सके।इसके अलावा, उपायुक्त ने आपदा प्रबंधन से संबंधित तैयारियों पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।बैठक में अपर समाहर्ता गौतम भगत, अनुमंडल पदाधिकारी सदानंद महतो, कार्यपालक दंडाधिकारी प्रमोद आनंद, परिवहन पदाधिकारी मिथलेश कुमार चौधरी, जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का,जिला भू अर्जन पदाधिकारी छुटेश्वर दास, प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत सभी अंचलाधिकारी उपस्थित रहे।

## राजद प्रदेश अध्यक्ष से मिले साहिबगंज जिला कमिटी के नेता



**मेट्रो रेज संवाददाता**

साहिबगंजःराष्ट्रीय जनता दल की राज्य परिषद और झारखंड राज्य के सभी जिलाध्यक्षों की बैठक गुरुवार को रांची में आयोजित की गई।जहां वर्ष 2025-28 के कार्यकाल के लिए निर्विरोध निवर्तमान हुसैनाबाद विधायक संजय सिंह यादव को पुनः प्रदेश अध्यक्ष चुना गया।उधर राजद प्रदेश कार्यालय रांची में नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव का साहिबगंज राजद जिला अध्यक्ष सत्यनारायण यादव,जिला उपाध्यक्ष दिनेश यादव एवं प्रदेश सचिव मुन्ना यादव ने फुल माला पहनाकर स्वागत किया।इस दौरान साहिबगंज जिला कमिटी की ओर से कई अहम मुद्दों पर नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष के साथ बातचीत हुई।जहां इसको लेकर जिला उपाध्यक्ष दिनेश यादव ने बताया कि जिले के विभिन्न प्रखंडो मे राजद संगठन को और भी ज्यादा मजबूत बनाने के लिए नए सदस्यों का अभियान चलाते हुए जोड़ने का काम किया जाएगा।इस स्वागत सम्मान समारोह में साहिबगंज जिलाध्यक्ष सत्यनारायण यादव,प्रदेश सचिव मुन्ना यादव प्रदीप राय समेत अन्य राजद नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सदर अस्पताल में बाहरी लोगों का कब्जा अस्पताल प्रशासन मौन

### बाहरी लोग अस्पताल में कॉन्डोम निरोध फुलाकर मरीजो को करते हैं. इशारा बिना डॉक्टर को दिखाएं घर वापस मरीज

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** जिले के बड़े सदर अस्पताल में सुरक्षा को लेकर अस्पताल प्रबंधन गंभीर नहीं है !बाहर से मरीज आते हैं डॉक्टर को दिखाने तो असुरक्षित महसूस करते हैं.ऐसा इसलिए की अस्पताल परिसर में बाहरी लोगों का कब्जा किया हुआ है.बाहरी



लोग अस्पताल में घुसकर एएनएम जीएनएम व नर्स के पास घंटों बैठकर टाइम पास करते हैं और मरीज को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है.बता दे कि जिले के बड़े सदर अस्पताल में आए दिन अस्पताल सूत्र बताते हैं कि लगभग 40 से 50 मरीजो को भर्ती करना पड़ रहा है.और मरीजों को लंबी लाइन लगी रहती है.बता दे की ओपीडी एवं इमरजेंसी में शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से इलाज कराने आए मरीजो व परिजनों को सदर अस्पताल में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है लोग शर्म से बिना डॉक्टर को दिखाएं महिलाएं बैरन घर वापस लौट रही है ऐसा इसलिए की अस्पताल परिसर में बाहरी लोग कॉन्डोम (निरोध)फुलाकर महिला मरीजो को दिखाते हैं.जिस महिला मरीज शर्म से अस्पताल परिसर घुषणा पसंद नहीं करते है.और ना ही डॉक्टर साहब के पास जाने से कतराते हैं.यह तस्वीर देखकर साफ जाहिर होता है कि लोग बेशर्मी की हदें पार कर दी है. और अस्पताल प्रशासन शासन मौन है. कई महिला मरीज तो बिना डॉक्टर को दिखाएं मेडिकल स्टोर से दवा लेकर घर वापस लौट गए.और अस्पताल की सरकारी दवा.वितरण केंद्र से मरीज नहीं ले पाते हैं.मरीजो का कहना है कि रजिस्ट्रेशन स्लिप पर्ची तो कटाए हैं. बिना डॉक्टर को दिखाएं ही वापस घर लौटना पड़ रहा है.क्योंकि अस्पताल में बाहरी लोग बेशर्मी की हदें पार कर दी है. गंदे गंदे चीज मुंह से फुल कर मरीजो को दिखाते हैं.कई घरों के बहू बेटी भी इलाज के लिए अस्पताल आते हैं. लेकिन अस्पताल प्रशासन की लापरवाही के चलते हम लोग अस्पताल से बिना दिखाएं वापस घर लौट रहे हैं।

# पूर्व पति संजय कपूर को अंतिम विदाई देते वक्त रो पड़ीं करिश्मा कपूर



## कालीधर लापताः अभिषेक बच्चन ने अपनी अगली फिल्म की घोषणा की, जुलाई में ओटीटी पर होगी रिलीज

**अभिनेता** अभिषेक बच्चन ने अपनी अगली फिल्म 'कालीधर लापता' की आधिकारिक घोषणा कर दी है। 19 जून को एक्स पर शेयर की गई एक पोस्ट में, अभिनेता ने खुलासा किया कि फिल्म का प्रीमियर 4 जुलाई को जी5 पर होगा। फिल्म की पहली झलक शेयर करते हुए अभिषेक ने लिखा, चर्चाओं पर अब फुल स्टॉप! कभी-कभी, खो जाना कोई चक्कर नहीं होता, बल्कि यहीं से असली कहानी शुरू होती है। सपनों, ट्विस्ट और लोगों से भरपूर जो इसे सार्थक बनाते हैं। कालीधर लापता का प्रीमियर 4 जुलाई को होगा, केवल जी 5 पर। कालीधर लापताऑनजी5

इससे पहले अभिषेक बच्चन ने अपने इंस्टाग्राम पर एक नोट के साथ एक फोटो शेयर की थी। इस पोस्ट में लिखा है, एक बार गायब होना चाहता हूं, भीड़ में फिर से खुद को ढूंढना चाहता हूं। जो कुछ भी मेरे पास था, वो सब मैंने अपनों को दे दिया है। अब बस थोड़ा वक्त अपने लिए चाहिए। इसे शेयर करते हुए अभिषेक ने अपने कैप्शन में लिखा, कभी-कभी खुद से मिलने के लिए, सबसे गायब होना पड़ता है। अब ये पोस्ट सोशल मीडिया पर कई सवाल खड़े कर रही है। लोग हैरान हैं कि अभिषेक बच्चन अचानक गायब होने की बात क्यों कर रहे हैं?

**अभिषेक का वर्क फ्रंटः** वर्क फ्रंट की बात करें तो अभिषेक बच्चन आखिरी बार हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'हाउसफुल 5' में नजर आए थे। अभिषेक ने हाउसफुल फ्रेंचाइजी में वापसी की है। इससे पहले वो 'हाउसफुल 3' में भी नजर आए थे। इससे पहले वो ओटीटी फिल्म बी हैप्पी और शूजित सरकार की आई वांट टू टॉक में नजर आए थे।



**करिश्मा** कपूर के पूर्व पति और बिजनेसमैन संजय कपूर को पंचतत्व में विलीन हो गए। उनका अंतिम संस्कार दिल्ली की लोधी रोड स्थित दयानंद मुक्तिधाम में किया गया। संजय कपूर को अंतिम विदाई देने करिश्मा दोनों बच्चों बेटे कियान और बेटी समायरा के साथ पहुंची थीं। इस दौरान करिश्मा के दोनों बच्चे भावुक हो गए और रो पड़े। करिश्मा और करीना उन्हें संभालती दिखीं। अंतिम विदाई के वक्त करिश्मा कपूर भी रो पड़ीं।

संजय कपूर को अंतिम विदाई देने करीना कपूर और सैफ अली खान भी पहुंचे थे। भले ही संजय कपूर और करिश्मा का तलाक हो गया था, पर संजय दोनों बच्चों के बेहद करीब थे। तलाक के वक्त उन्होंने बेटे और बेटी के लिए 14 करोड़ रुपए के बॉन्ड तक खरीदे थे, जिनसे हर महीने 10 लाख रुपए का ब्याज मिलता है।

### संजय कपूर को करिश्मा कपूर के बेटे कियान ने दी मुखाग्नि

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस करिश्मा कपूर एक्स हसबैंड और ऑटो कंपोनेंट निमार्ता सोना कॉमस्टार के चेयरमैन का आज, 19 जून को नई दिल्ली के लोधी रोड श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। संजय कपूर के अंतिम संस्कार में करिश्मा कपूर अपने दोनों बच्चों समायरा और कियान के साथ शामिल हुईं। उनके अलावा करीना कपूर खान और उनके पति-एक्टर सैफ अली खान भी समारोह में शामिल हुए । इनके अलावा, संजय कपूर की वर्तमान पत्नी प्रिया सचदेव भी समारोह में मौजूद थीं।

करिश्मा कपूर अपने बच्चों, बेटी समायरा और बेटे कियान के साथ अपने एक्स हसबैंड संजय कपूर के अंतिम संस्कार के लिए दिल्ली पहुंची. उनके साथ करीना कपूर और सैफ अली खान भी थे। बता दें, संजय की 12 जून को पोलो मैच के दौरान दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हो गई थी। वह 53 साल के थे।

अंतिम संस्कार नई दिल्ली के लोधी रोड श्मशान घाट पर हुआ. अंतिम संस्कार के एक वीडियो में करिश्मा को सफेद सूट पहने अपने संजय के पार्थिव शरीर को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए देखा गया, जबकि करीना और सैफ उनके साथ खड़े थे।

संजय कपूर के अंतिम संस्कार में शामिल होने के दौरान करिश्मा भावुक हो गईं. वहीं उनके दोनों बच्चे समायरा और कियान भी अपने आंसू रोक नहीं पाए और अपने मां से लिपटकर रो पड़े. इस दौरान करिश्मा अपने दोनों बच्चों को संभालती दिखीं.

**संजय कपूर को मुखाग्नि किसने दी? :** बता दें, संजय कपूर की तीन पत्नियां थीं। पहली पत्नी नंदिता महतानी, दूसरी करिश्मा कपूर और तीसरी प्रिया सचदेव. करिश्मा कपूर और संजय के दो बच्चे समायरा और कियान हैं। जबकि, प्रिया सचदेव से संजय का एक बेटा अजारियस है. अब सवाल है कि संजय कपूर को मुखाग्नि किसने दी? बता दें, संजय कपूर को मुखाग्नि उनके और करिश्मा कपूर के बेटे कियान ने दी। कियान ने ही अपने पिता के अंतिम संस्कार की सारी रस्में पूरी की।

## कर्नाटक में ठग लाइफ के प्रदर्शन का मार्ग प्रशस्त, विरोध करने वालों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट सख्त,4



**सुप्रीम** कोर्ट ने कर्नाटक सरकार को कमल हासन की मुख्य भूमिका वाली फिल्म ठग लाइफ के प्रदर्शन के मामले में धमकी या हिंसा करने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति उज्जल भुयान और न्यायमूर्ति मनमोहन की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने गुरुवार को संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह निर्देश दिया।

पीठ ने कर्नाटक सरकार को निर्देश दिया कि अगर यह फिल्म राज्य में प्रदर्शित होती है और इसे लेकर हिंसा या किसी भी तरह की धमकी मिलती है तो संबंधित व्यक्ति या समूह के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाए। पीठ ने राज्य सरकार के वकील डी एल चिदानंद का बयान दर्ज किया कि वह सभी हितधारकों को सुरक्षा प्रदान करेगी जिससे राज्य में फिल्म के प्रदर्शन का रास्ता साफ होगा।

पीठ ने राज्य सरकार द्वारा दायर हलफनामे पर गौर करने के बाद कहा, राज्य ने स्पष्ट रूप से कहा है कि उसने फिल्म पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया है और अगर फिल्म रिलीज होती है तो राज्य सरकार पूरी सुरक्षा प्रदान करेगी। शीर्ष अदालत ने धमकियों के मद्देनजर (बिना आवश्यक कानूनी प्रावधानों के पालन किए) सिनेमाघरों में उक्त फिल्म को नहीं दिखाये जाने पर कड़ी आपत्ति व्यक्त करते हुए राज्य सरकार को अपना जवाब 24 घंटे में देने का मंगलवार को निर्देश दिया था।

मूवी रिव्यू- सितारे जमीन पर

## डाउन सिंड्रोम की ओर बेहतरीन एक्टिंग और डायलॉग से ध्यान खींचती है आमिर खान की यह फिल्म




आशुतोष गोवारिकर

**कुछ** साल पहले तारे जमीन पर ने भारतीय सिनेमा में ऐसी छाप छोड़ी थी, जिसकी गूंज आज भी सुनाई देती है। यह दिल छू लेने वाली पहल थी, जिसने डिस्लेक्सिया जैसे विषय को मुख्यधारा की फिल्म में उठाकर उस पर बहस शुरू की थी।

अब सितारे जमीन पर के जरिए आमिर खान एक कदम और आगे बढ़ गए हैं। इस बार उन्होंने एक और अधिक जटिल विषय- डाउन सिंड्रोम और न्यूरो डाइवर्जेंस की ओर ध्यान खींचा है। इन्हें अक्सर गलत समझ लिया जाता है।

लेकिन जो बात इस फिल्म को अलग बनाती है, वह है इसकी टोन। कोई भावुकता नहीं, कोई भाषणबाजी नहीं। इसके बजाय निर्देशक आरएस. प्रसन्ना और लेखक दिव्य शर्मा के साथ मिलकर आमिर ने एक ऐसी दुनिया रची है, जिसमें हास्य है, पीड़ा है, गर्मजोशी है और सबसे बढ़कर सच्चाई है।

फिल्म में डाउन सिंड्रोम और न्यूरोडाइवर्जेंस जैसी बीमारी के बारे में दिखाया गया है।

फिल्म में डाउन सिंड्रोम और न्यूरोडाइवर्जेंस जैसी बीमारी के बारे में दिखाया गया है।

मुझे जो बात सबसे अधिक प्रभावित करती है, वह है आमिर का एक्टर से स्टोरीटेलर बनने का सफर। तारे जमीन पर के आदर्शवादी टीचर से लेकर सितारे जमीन पर के खामियों से भरे, अहंकारी कोच तक- आप साफ देख सकते हैं कि वह लगातार सीख रहे हैं, चुनौतियां ले रहे हैं। उनकी पसंद और भी साहसी हो गई है। उनके किरदार और भी संवेदनशील। उनकी स्टोरीटेलिंग पहले से कहीं ज्यादा ईमानदार महसूस होती है।

कहानी गुलशन नाम के एक आत्ममुग्ध बास्केटबॉल कोच की है, जिसे नशे में गाड़ी चलाने के अपराध में कोर्ट समाज सेवा की सजा सुनाती है। उसे न्यूरो डाइवर्जेंट लोगों की एक टीम को कोचिंग देनी होती है।

शुरूआत में यह सिर्फ एक सजा लगती है, लेकिन यह धीरे-धीरे उसकी सोच, भाव और जीवन बदल देती है। उसकी असहजता, अनिच्छा और फिर स्वीकृति, सब एक ऐसी भावनात्मक सच्चाई को सामने लाते हैं, जो हमें भी खुद का आईना लगता है क्योंकि हमारे भीतर भी किसी न किसी रूप में गुलशन है- जो बातें हमें समझ नहीं आतीं, उन्हें हम स्वीकारने से डरते हैं। आमिर ने गुलशन के किरदार के अहंकार और आत्मबोध को संतुलित तरीके से निभाया है।

उनकी पत्नी के किरदार में जेनेलिया डिसूजा फिल्म में एक रोशनी जैसी हैं- उनका प्रेम, अपनापन गुलशन के जीवन को एक इमोशनल टच देता है, लेकिन असली सितारे हैं वो दस न्यूरो डाइवर्जेंट अभिनेता। इनकी एक्टिंग सच्ची, दिल छू लेने वाली है। उन सभी कलाकारों के लिए ?स्टैंडिंग ओवेशन।

निर्देशक आरएस प्रसन्ना तारीफ के हकदार हैं, जिन्होंने पूरी टीम से संवेदनशील अभिनय निकलवाया। कुछ लोग इसे तारे जमीन पर का स्पिरिचुअल सीक्वल कह रहे हैं, लेकिन मेरे लिए सितारे जमीन परअपने आप में पूरी तरह अलग और खास फिल्म है।

फिल्म के असली सितारे हैं दस न्यूरो डाइवर्जेंट अभिनेताः फिल्म में कई संवाद हैं जो मन में रह जाते हैं, लेकिन एक पंक्ति जो मेरे भीतर गूंजती रही, वह थी : सबका अपना-अपना नॉर्मल। सीधी बात, गहराई से भरी हुई- शायद यही वह वाक्य है, जो आज की दुनिया को सुनने की सबसे ज्यादा जरूरत है। इसलिए- पूर्वाग्रह मत पालिए। बस जाइए और 'सितारे जमीन पर देखिए। फिल्म खुद को व दूसरों को देखने का आपका नजरिया बदलेगी। फिल्म के असली सितारे हैं दस न्यूरो डाइवर्जेंट अभिनेता।

## मैं महिला क्रिकेट खेलने के योग्य हूं, अनाया बांगर की आईसीसी-बीसीसीआई से बड़ी मांग



**नई दिल्लीः** भारत के पूर्व क्रिकेट संजय बांगर की संतान अनाया बांगर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड से ट्रांसजेंडर क्रिकटरों का समर्थन करने की अपील की है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर शेयर एक वीडियो में कहा है कि वैज्ञानिक रूप से वह महिला क्रिकेट खेलने के योग्य हैं। सवाल यह है कि क्या दुनिया इसके लिए तैयार है। अनाया बांगर का पूर्व नाम आर्यन बांगर था। वह एक साल तक हार्मोन रिप्लेसमेंट थिरेपी से गुजरकर लडका से लडकी बन चुकी हैं। अभी ट्रांसजेंडर क्रिकेटरों को महिला क्रिकेट में हिस्सा लेने की इजाजत नहीं है। अनाया बांगर ने 8 पेज की साइंटिफिक रिपोर्ट को शेयर करते हुए ट्रांसजेंडर महिलाओं को महिला क्रिकेट में खेलने की पुरजोर वकालत की है। एक तरह से उन्होंने यह बहस छेड़ने की कोशिश की है कि क्या ट्रांसजेंडर्स को महिला क्रिकेट खेलने के योग्य माना जा सकता है। अनाया आईसीसी और बीसीसीआई के सामने पेश करने की योजना बना रही हैं। वीडियो के साथ उन्होंने लिखा है, साइंस कहता है मैं वूमन क्रिकेट के लिए एलिजिबल हूं।

अब सवाल यह है क्या दुनिया तैयार है, सच सुनने के लिए? वह वीडियो में कहती हैं, पहली बार मैं एक ट्रांसवूमन एथलीट के तौर पर अपनी यात्रा से जुड़ी साइंटिफिक रिपोर्ट को शेयर कर रही हूं। हार्मोन थैरेपी शुरू होने बाद पिछले एक साल से ज्यादा वक्त से मैं स्ट्रक्चर्ड फीजियोलॉजिकल असेसमेंट से गुजरी हूं। इस रिपोर्ट में मेरे ट्रांजिशन का असली मापने योग्य प्रभाव दर्ज है, न कि कोई राय है। अनुमान नहीं बल्कि डाटा है। अनाया ने आगे कहा, मैं इसे पूरी पारदर्शिता और उम्मीद के साथ बीसीसीआई और आईसीसी के पास जमा कर रही हूं। मेरा इकलौता उद्देश्य ऐसी चर्चा शुरू करना है, जो तथ्य आधारित हो, भय आधारित नहीं। जगह बनाने की है, न कि उसे बांटने की। आप सहमत हों या नहीं, इसे देखने के लिए आपको धन्यवाद।

## इंडिया- इंग्लैंड फर्स्ट टेस्टः यंग टीम इंडिया-इंग्लैंड में पहला टेस्ट आज से

### शुभमन गिल की अगवाई में भारत नए डब्ल्यूटीसी चक्र के लिए तैयार, दोपहर बाद 3:30 बजे से स्टोक्स से भिड़ंत



**एजेंसी/लीड्सः** इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के जरिए टीम इंडिया नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र (2025-27) की शुरूआत करेगी। पहला मुकाबला शुक्रवार से हेडिंग्ले में खेला जाएगा। रोहित के टेस्ट से संन्यास के बाद शुभमन गिल को टीम के नेतृत्व का जिम्मा सौंपा गया है। ऐसे में उनके कंधों पर अपनी नेतृत्व क्षमता को साबित करने की जिम्मेदारी होगी। विराट ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले टेस्ट प्रारूप से संन्यास लेने की घोषणा कर दी थी। उनसे पहले रोहित शर्मा ने भी लाल गेंद के प्रारूप को अलविदा कह दिया था। बीसीसीआई ने शुभमन गिल के नेतृत्व में भारतीय टीम का ऐलान किया था। गंभीर और गिल के लिए इंग्लैंड दौरा कठिन रहना वाला है। पिछले कुछ समय से भारत का टेस्ट प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है।

उसे न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के साथ अपनी पिछली टेस्ट सीरीज में हार का सामना करना पड़ा था। किसी भी सीरीज से पहले इंट्रा स्क्वाड या अभ्यास मैच टीम की तैयारी के लिए महत्त्वपूर्ण होते हैं। भारतीय टीम ने इंट्रा स्क्वाड मैच खाली स्टेडियम में खेलने का विकल्प चुना था, जिससे विपक्षी टीम को उनकी रणनीति की भनक न लग सके।

**सचिन की सलाह, रणनीति पर फोकस करें शुभमनः** सचिन तेंदुलकर ने नए कप्तान शुभमन गिल को सलाह दी है कि ड्रेसिंग रूम से बाहर की टिप्पणियों पर सोचे बिना वह अपनी रणनीति पर फोकस रखें। सचिन ने कहा, मुझे लगता है कि गिल को समय देना होगा। उसे सहयोग देने की भी जरूरत है। भारत का कप्तान होना काफी दबाव वाला काम है और तेंदुलकर को पता है कि अलग-अलग तरह के सुझाव सामने आएंगे, लेकिन उनका मानना है कि गिल इससे बखूबी निपट लेंगे।

**विराट-रोहित के बिना ड्रेसिंग रूम में खालीपनः** इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की सीरीज के लिए गई भारतीय टीम के सबसे अनुभवी खिलाड़ी केएल राहुल को विराट कोहली और रोहित शर्मा की कमी खल रही है। उन्हें ड्रेसिंग रूम में उन दोनों दिग्गजों या फिर उन दोनों में से कम से कम एक को देखने की आदत रही है। अब दोनों के संन्यास के बाद केएल राहुल का कहना है कि उनको आसपास नहीं देखना बहुत खालीपन देने वाला है। ड्रेसिंग रूम में जाने पर थोड़ा अजीब फील हो रहा है।

बुमराह से नहीं डरता इंग्लैंडः भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज शुरू होने से पहले इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा है कि उनकी टीम जसप्रीत बुमराह से नहीं डरती है। स्टोक्स ने कहा कि बुमराह विश्व स्तरीय गेंदबाज होने के बावजूद अकेले दम पर भारत को टेस्ट सीरीज जिताने की क्षमता नहीं रखते। स्टोक्स का मानना है कि उनकी टीम को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बार-बार अच्छे प्रतिद्वंद्वी का सामना करना पड़ता है और वे अपने विरोधियों का सम्मान करते हैं, लेकिन टीम उनसे डरती नहीं है। इंटरनेशनल क्रिकेट में आप लगातार बेहतर टीमों के खिलाफ खेलते रहते हैं। हम उनके क्लास को जानते हैं और जिस टीम के लिए वह खेलते हैं, उसमें वह क्या लाते हैं, लेकिन डर के मामले में, निश्चित रूप से नहीं।

आईपीएल 2025 ने तोड़े पुराने व्यूअरशिप रिकॉर्ड

## फाइनल मुकाबले का 31.7 बिलियन मिनट वॉचटाइम




**नई दिल्लीः** आईपीएल के 18वें सीजन में फैंस को काफी धमाल देखने को मिला। इस बार टूर्नामेंट को नया चैंपियन मिला। आईपीएल 2025 ने व्यूअरशिप के मामले में भी पिछले सभी रिकॉर्ड को ध्वस्त कर दिया है। रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरु की टीम खिताबी मुकाबले में पंजाब किंग्स को हराकर पहली बार चैंपियन बनी थी। फाइनल मुकाबले की भी व्यूअरशिप ने भी नया रिकॉर्ड कायम किया है। ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर जियोस्टार के मुताबिक, आईपीएल 2025 को टेलीविजन और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर कुल 840 बिलियन मिनट से ज्यादा देखा गया। एक बिलियन से ज्यादा लोगों ने इस टूर्नामेंट को देखा। आईपीएल के शुरूआती मैचों में भी व्यूअरशिप में काफी बढ़ोतरी देखने को मिली थी। जियो हॉटस्टार पर पहले तीन मैचों की व्यूअरशिप पिछले सत्र की तुलना में 40 प्रतिशत अधिक थी, जबकि इसे कुल 137 करोड़ लोगों ने देखा।

रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरु और पंजाब किंग्स के बीच खेला गया फाइनल मुकाबला टी-20 के इतिहास का सबसे ज्यादा देखे जाने वाला मैच बन गया है। इस मैच को अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर 31.7 बिलियन मिनट वॉचटाइम मिला, जो अब तक का रिकॉर्ड है।

# बारिश से घर की दीवार गिरी, पति-पत्नी और 2 मासूम बच्चों की मौत



**देहरादूनः** तेज बारिश ने शुक्रवार सुबह खूब कहर बरपाया। बारिश इतनी थी कि एक घर की दीवार ढह गई, जिसे पति-पत्नी और 2 बच्चों सहित चार की मौत हो गई। हादसा हिमाचल के पड़ोसी राज्य उत्तराखंड के उत्तरकाशी जनपद में पेश आया है। राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) कमांडेंट अर्पण यदुवंशी ने बताया कि उत्तरकाशी के थाना मोरी से ग्राम मोरा में एक मकान गिरने से कुछ लोगों के मलबे में दबने की सूचना मिली।

इस पर एसडीआरएफ की पोस्ट मोरी से उप निरीक्षक दीपक कुनियाल के नेतृत्व में रेस्क्यू टीम घटना स्थल भेजी गई। उन्होंने बताया कि ग्राम मोरा मुख्य सडक मार्ग से लगभग एक किलोमीटर ऊपर पैदल मार्ग पर स्थित है, वहां बचाव दल द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर तलाशी अभियान चलाया गया। जहां ज्ञात हुआ कि यह दुर्घटना रात्रि में हुई थी, जिसमें मकान की एक दीवार गिरने से घर में मौजूद एक ही परिवार के चार सदस्यों की मलबे में दबकर मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि सभी शवों को बाहर निकाल लिया गया है। घटना में गुलाम हुसैन (26) उसकी पत्नी रुकमा खातून (23), पुत्र आबिद (3) और पुत्री सलमा (10 माह) की मृत्यु हुई है।

# ऑपरेशन सिंधु : ईरान में फंसे 110 भारतीय वतन लौटे

**नई दिल्ली:** ईरान और इजरायल के बीच हालात लगातार खराब होते जा रहे हैं। भारत सरकार ने अपने नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ह्यऑपरेशन सिंधु की शुरूआत की है। इस ऑपरेशन के तहत सरकार ने ईरान में फंसे भारतीयों को सुरक्षित बाहर निकालने का काम शुरू कर दिया है। भारत सरकार की तरफ से 110 भारतीय छात्रों को ईरान से निकालकर पहले आर्मेनिया पहुंचाया गया।

वहां से गुरुवार की सुबह ये छात्र दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पहुंचे। इनमें से 90 छात्र कश्मीर के हैं। सभी छात्र दिल्ली पहुंचने के बाद काफी



खुश नजर आए। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने उनका साथ दिया इसलिए आज वह वापस अपने घर आ पाए हैं।

## भाषा की लड़ाई को लेकर गृहमंत्री अमित शाह बोले, ऐसा समाज अब दूर नहीं

### अंग्रेजी बोलोगे, तो आएगी शर्म



**नई दिल्ली:** देश में भाषा को लेकर चल रही बहस पर गृहमंत्री अमित शाह ने अपनी राय रखी है। उन्होंने भारतीय भाषाओं के स्थान पर अंग्रेजी को महत्त्व देने वाले लोगों पर निशाना साधते हुए कहा कि इस देश में अंग्रेजी बोलने वालों को शर्म आएगी। ऐसा समाज अब दूर नहीं है। हम सभी के जीवन के दौरान ही ऐसे समाज का निर्माण हो जाएगा। हमारे देश की भाषाएं हमारी संस्कृति का हिस्सा हैं। राजधानी दिल्ली में एक निजी कार्यक्रम में शिरकत करते हुए गृहमंत्री शाह ने अपनी बात सभी के सामने रखी। उन्होंने कहा कि इस देश में अंग्रेजी बोलने वालों को जल्द ही शर्म आएगी, ऐसे समाज का निर्माण अब दूर नहीं है। मेरा मानना है कि हमारे देश की भाषाएं ही हमारी संस्कृति का गहना है।


अपनी भारतीय भाषाओं के बिना हम सच्चे भारतीय नहीं रह सकते। गृहमंत्री शाह ने कहा, अपने देश, अपनी संस्कृति, अपने इतिहास और अपने धर्म को समझने के लिए कोई भी विदेशी भाषा पर्याप्त नहीं हो सकती। अधूरी विदेशी भाषाओं के माध्यम से संपूर्ण भारत की कल्पना नहीं की जा सकती। मैं अच्छी तरह से जानता हूं कि यह लड़ाई आसान नहीं है, लेकिन मुझे यह भी भरोसा है कि भारतीय समाज इस लड़ाई को जीत जाएगा। एक बार फिर स्वाभिमान के साथ, हम अपनी भाषाओं में अपना देश चलाएंगे और साथ ही साथ दुनिया का भी नेतृत्व करेंगे।

करोड़ों भारतीयों का संकल्प बनीं पांच प्रतिज्ञाएंः प्रधानमंत्री मोदी द्वारा बताए गए पांच प्रणों का जिक्र करते हुए गृहमंत्री शाह ने कहा कि भारत के करोड़ों लोगों के लिए पीएम मोदी द्वारा बताई गई यह पांच प्रतिज्ञाएं आज संकल्प बन गई हैं। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने अमृत काल के लिए पंच प्रण की नींव रखी है। विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करना, गुलामी के हर निशान से छुटकारा पाना, अपनी विरासत पर गर्व करना, एकता और एकजुटता के लिए प्रतिबद्ध रहना और हर नागरिक में कत्र्तव्य की भावना जगानाह्व यह पांच प्रतिज्ञाएं 130 करोड़ भारतीयों का संकल्प बन गई हैं। यही कारण है कि 2047 तक हम शिखर पर होंगे और हमारी भारतीय भाषाएं हमारी इस यात्रा में प्रमुख भूमिका निभाएंगीं।

# जस्टिस यशवंत वर्मा मामले में बड़ा खुलासा, परिवार की पूरी निगरानी में था नोटों से भरा स्टोर रूम

### जांच समिति ने 64 पन्नों की रिपोर्ट पेश की, कहा, महाभियोग की कार्यवाही के लिए पर्याप्त आधार

**नई दिल्लीः** बीते मार्च में अपने आवास के स्टोर रूम से बड़ी मात्रा में अधजले कैश मिलने के बाद विवादों में घिरे जस्टिस यशवंत वर्मा की मुश्किलें बढ़ती हुई नजर आ रही हैं। 22 मार्च को सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित तीन दिवसीय जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि स्टोर रूम पर जस्टिस वर्मा के परिवार की पूरी निगरानी थी और वहां किसी को भी जाने की इजाजत नहीं थी। इन तथ्यों को देखते हुए समिति ने दिल्ली हाई कोर्ट के



पूर्व न्यायधीश जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने की मांग की है।

रिपोर्ट के मुताबिक, सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त पैनल ने 55 गवाहों से पूछताछ की है। वहीं जांच के बाद जस्टिस वर्मा का बयान भी दर्ज किया गया है, जिसके बाद समिति ने गुरुवार सुबह 64 पन्नों की रिपोर्ट पेश की। समिति की रिपोर्ट में दो प्रमुख खुलासे किए गए हैं, जो जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने की इसकी सिफारिश का आधार बनती हैं। समिति ने बताया कि हमने पाया कि 30 तुगलक क्रिसेंट के परिसर में स्थित जिस स्टोररूम में नकद राशि मिली थी, वह आधिकारिक तौर पर जस्टिस वर्मा के कब्जे में थी। दूसरे प्वाइंट में कहा गया कि स्टोर रूम तक न्यायमूर्ति वर्मा और उनके परिवार के सदस्यों की पहुंच थी और वहां किसी को भी बिना इजाजत जाने की अनुमति नहीं थी। इन निष्कर्षों को देखते हुए पैनल ने कहा है कि न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही शुरू करने के लिए पर्याप्त आधार मौजूद हैं।

### शशि थरूर ने मानी कांग्रेस नेतृत्व से मतभेद की बात, कहा

# कुछ लोगों से मेरी राय अलग

**नई दिल्लीः** कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) के सदस्य शशि थरूर ने गुरुवार को यह स्वीकार किया है कि पार्टी नेतृत्व में कुछ नेताओं से उनके मतभेद हैं, लेकिन नीलांबुर निर्वाचन क्षेत्र में उपचुनाव के मद्देनजर वह इस बारे में बात नहीं करेंगे। थरूर ने कहा कि कांग्रेस, उसके मूल्य और उसके कार्यकर्ता उन्हें बहुत प्रिय हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने 16 वर्ष तक पार्टी कार्यकताओं के



साथ निकटता से मिलकर काम किया है और वह उन्हें अपना करीबी मित्र एवं भाई मानते हैं। थरूर ने कहा कि हालांकि, कांग्रेस नेतृत्व में कुछ लोगों से मेरी राय अलग है। आप जानते हैं कि मैं किस बारे में बात कर रहा हूं, क्योंकि उनमें से कुछ मुद्दे सार्वजनिक हैं और आपने (मीडिया ने) इस बारे में खबरें दी हैं। उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि उनके मतभेद राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ हैं या प्रदेश नेतृत्व के साथ। तिरुवनंतपुरम के सांसद ने संकेत दिया कि वह उपचुनाव के नतीजों के बाद उन मतभेदों के बारे में बात कर सकते हैं। जब उनसे पूछा गया कि वह उपचुनाव के लिए प्रचार अभियान का हिस्सा क्यों नहीं थे, तो थरूर ने कहा कि उन्हें इसके लिए आमंत्रित नहीं किया गया था, जबकि पिछले साल वायनाड में हुए उपचुनाव सहित अन्य उपचुनावों के दौरान आमंत्रित किया जाता रहा है।

## आतंकवाद मानवता का दुश्मन, क्रोएशिया में प्रधानमंत्री मोदी का आतंक पर करारा प्रहार



**एजेंसी/ जाग्रेबः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी क्रोएशिया जाने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बन गए हैं। पीएम की कोएशिया दौरा तीन देशीय दौरे का अंतिम चरण था। यहां द्विपक्षीय वार्ताओं में व्यापार, तकनीक और आतंकवाद विरोध जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई, जिससे भारत की बाल्कन क्षेत्र में पकड़ मजबूत हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यहां अपने क्रोएशियाई समकक्ष आंद्रेज प्लेंकोविच के साथ सार्थक बातचीत की और दोनों नेताओं ने रक्षा और सुरक्षा, फार्मा, नवीकरणीय ऊर्जा और आईटी के क्षेत्रों में मिलकर काम करने पर सहमति जताई। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि आतंकवाद मानवता का दुश्मन है। यह लोकतंत्र में विश्वास रखने वाली शक्तियों का विरोधी है। क्रोएशिया के पीएम आंद्रेज ने कहा कि हमने भारत में हुए आतंकवादी हमले पर भी चर्चा की और दुख जताया। हमने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई पर पीएम मोदी के संदेश को अच्छी तरह से समझा है, क्योंकि यह दुनिया के लिए सबसे बड़ा खतरा है।

इस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने क्रोएशिया सरकार को धन्यवाद कहा। बाद में श्री मोदी ने राष्ट्रपति जोरान मिलनोविच से मुलाकात की। उन्होंने क्रोएशियाई प्रधानमंत्री के साथ शहर के चौक की सैर भी की। वह क्रोएशिया की यात्रा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। श्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि जाग्रेब में अपने मित्र प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविच के साथ सार्थक बातचीत की।

# बजाज चेतक 3001 भारत में लांच, सिंगल चार्ज में 127 किलोमीटर रेंज का दावा

**नई दिल्लीः** बजाज ऑटो ने अपना नया इलेक्ट्रिक स्कूटर चेतक 3001 लांच किया है। चेतक 3001 की एक्स शोरूम कीमत 99,990 रुपए है। इसकी सर्टिफाइड रेंज लगभग 127 किलोमीटर की है। इसके साथ बजाज ऑटो ने 750वाट के चार्जर की पेशकश की है। इस चार्जर से चेतक 3001 की बैटरी को लगभग 3.50 घंटे में 0 से 80 प्रतिशत तक चार्ज किया जा सकता है। यह इस सेगमेंट में सबसे जल्द चार्जिंग वाले इलेक्ट्रिक स्कूटर्स में शामिल है। चेतक 3001 में टेपॉक टेक्नोलॉजी का भी विकल्प है। यह अपने सेगमेंट में मेटल बॉडी वाला एकमात्र इलेक्ट्रिक स्कूटर है। इसे जल्द ही ई-कॉमर्स साइट अें९ङ्गल्ल के जरिए खरीदारी के लिए उपलब्ध कराया जाएगा।

चेतक 3001 की स्टाइलिंग चेतक रेंज के बाकी स्कूटरों से मिलती-जुलती है। इसमें क्लासिक फ्लोइंग डिजाइन तो है ही, लेकिन इसमें अलॉय व्हील्स, एलईडी लाइटिंग और कई अन्य आधुनिक फीचर भी हैं। हालांकि, 3001 रेंज में नए ग्राफि क्स भी हैं जो इसे चेतक के दूसरे मॉडल से अलग बनाते हैं। यह



इस सेगमेंट का एकमात्र इलेक्ट्रिक स्कूटर भी है जिसमें पूरी तरह से मेटल बॉडी है। चेतक 3001 तीन रंगों लाल, नीला और पीले रंग में उपलब्ध है।

बजाज चेतक 3001 में 3 किलोमीटर प्रतिघंटा बैटरी पैक का इस्तेमाल किया गया है जो एक बार फुल चार्ज होने पर 127किलोमीटर प्रति घंटा की रेंज देने का दावा करता है। स्कूटर में 3.1 किलोवॉट की इलेक्ट्रिक मोटर लगी है, जो 62किलोमीटर प्रति घंटा की टॉप स्पीड देती है। यह 750वॉट चार्जर के साथ आता है, जो स्कूटर को लगभग चार घंटे में 0 से 80 प्रतिशत तक चार्ज कर देता है। फीचर्स की बात करें तो स्कूटर में कॉल और म्यूजिक कंट्रोल, हिल-होल्ड असिस्ट, गाइड-मी-होम लैंप और रिवर्स लाइट के साथ एक ही रंग का टीएफटी क्लस्टर दिया गया है। यह स्मार्टफोन कनेक्टिविटी को भी सपोर्ट करता है, जिससे राइडर्स को राइड डेटा एक्सेस करने की सुविधा मिलती है। अतिरिक्त फीचर्स में फुल एलईडी लाइटिंग और कंबाइंड ब्रेकिंग सिस्टम शामिल हैं।

## बिहार में गिरफ्तार तस्कर की अदालत ले जाते समय मौत, परिवार ने हिरासत में यातना का आरोप लगाया

**पटनाः** बिहार में शराबबंदी कानून का उल्लंघन कर शराब की तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार एक व्यक्ति की बृहस्पतिवार को अदालत ले जाते समय मौत हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

मुजफ्फरपुर के आबकारी निरीक्षक दीपक सिंह के अनुसार, आरोपी बालेंद्र राय को बुधवार को जिले के भवानीडीह गांव से गिरफ्तार किया गया था। सिंह ने कहा, ह्यह्यराय के पास से छह लीटर नकली शराब बरामद हुई थी। आज उसे अदालत में पेश किया जाना था। रास्ते में उसकी तबीयत खराब हो गई और उसे खून की उल्टियां होने लगीं। उसे सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया।

राय के भाई नागेंद्र समेत परिवार के सदस्यों ने उसकी मौत के लिए हिरासत में यातना को कारण बताया है। हालांकि, जब पत्रकारों ने आबकारी निरीक्षक से आरोप के बारे में पूछा, तो उन्होंने कहा, ह्यह्यआप सभी मेडिकल रिपोर्ट देख सकते हैं, जिसमें साफ तौर पर कहा गया है कि राय के शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं हैं।

# इरान- इजराइल युद्ध : ईरान ने तबाह किया सबसे बड़ा अस्पताल, नेतन्याहू बौखलाए

### इजरायल ने 40 फाइटर जेट भेजकर न्यूक्लियर रिएक्टर को बनाया निशाना

**एजेंसी/तेहरानः** इजरायल और ईरान के बीच छिड़ा संघर्ष अब अपने सबसे खतरनाक दौर में प्रवेश कर चुका है। गुरुवार को इजरायली वायु सेना ने ईरान के अराक के पास स्थित एक निष्क्रिय न्यूक्लियर रिएक्टर पर बड़ा हवाई हमला किया। इस ऑपरेशन में 40 फाइटर जेट्स का इस्तेमाल हुआ। उधर, जवाबी कार्रवाई में ईरान ने इजरायल के कई शहरों पर ताबड़तोड़ 30 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं, जिनमें से जिनमें सात मिसाइलें तेल अवीव, बीरशेवा, रमत गण और होलोन पर गिरीं और भारी तबाही मचाई। तेल अवीव स्थित इजराइली स्टॉक एक्सचेंज बिल्डिंग और बीरशेवा में स्थित इजरायल के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल सोरोका को भारी नुकसान पहुंचा। इन हमलों में 176 लोग घायल हुए हैं। छह लोगों की हालत गंभीर है।

इस हमले के लिए ईरान ने अपनी सबसे खतरनाक बैलिस्टिक मिसाइल सेजिल-2 का इस्तेमाल किया, जो मल्टिपल वारहैड के साथ अचूक मारक क्षमता से लैस है। यह ईरान के सबसे सटीक और शक्तिशाली रणनीतिक हथियारों में से एक है। इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने इसे तेहरान के तानाशाह की कायरतापूर्ण करतूत बताया है और



कहा है कि ईरान को इसकी पूरी कीमत चुकानी होगी । खामनेई को जीने को कोई हक नहीं है। रक्षा मंत्री इसराइल काट्ज ने बयान जारी कर बताया कि प्रधानमंत्री और उन्होंने मिलकर इजरायली सेना को ईरान में रणनीतिक और सरकारी ठिकानों पर हमले और तेज करने का आदेश दे दिया है। ये हमले सीधे अयातुल्ला खामनेई के शासन को अस्थिर करने के लिए किए जा रहे हैं। इसी बीच, अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने गुरुवार को कहा कि ईरान परमाणु हथियार बनाने की कोशिश कर रहा है, इसका कोई सबूत नहीं मिला है। आईएईए के डायरेक्टर राफेल ग्रॉसी ने अल-जजीरा को दिए इंटरव्यू में ये बातें कहीं। गौर हो कि इजरायल ने यही कहकर हमला किया था कि ईरान परमाणु बम बनाने के करीब है और वह इजरायल के लिए खतरा है। अब आईएईए के खुलासे से विश्व बिरादरी में इजरायल के लिए जवाब देना मुश्किल हो जाएगा।

इसी बीच गुरुवार को रूस और चीन ने इजरायल को दो टूक शब्दों में ईरान पर हमले रोकने को कहा है। रूस ने ईरान और इजरायल जंग में अमरीका की दखलअंदाजी को लेकर चेतावनी दी है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा है कि अगर अमरीका, ईरान और इजरायल के बीच चल रहे संघर्ष में दखल देता है, तो इससे हालात और ज्यादा बिगड़ सकते हैं और तनाव खतरनाक स्तर तक पहुंच सकता है। इसी बीच चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग का बड़ा बयान सामने आया है। जिनपिंग ने दो टूक कहा है कि मिडिल ईस्ट में संघर्ष को सुलझाने के लिए सबसे जरूरी जरूरी प्राथमिकता युद्धविराम है और अंतरराष्ट्रीय विवादों को सुलझाने का तरीका बल प्रयोग नहीं हो सकता।

## समाचार सार

### बारिश से नदियों का जलस्तर बढ़ा



**कमल केसरी :** झारखंड में मानसून आगमन के पश्चात हो रही बारिश से चक्रधरपुर में भी जनजीवन पर असर पड़ा है। सड़कों पर जल जमाव के साथ साथ नदियों का भी जल स्तर बढ़ चला है जिसके फलस्वरूप नदी के किनारे रहने वाले लोग सशंकित हैं कि नदी में जलस्तर बढ़ने से आसपास रहने वाले लोगों को परेशानी और कठिनाई उत्पन्न ना हो जाए। बारिश को देखते हुए जिला प्रशासन के द्वारा व्यापक तैयारी भी की गई और विद्यालय भी 20 जून तक बंद किए गए। वहीं निरंतर हो रही बारिश से आम जनजीवन भी प्रभावित हुआ है।

### बीडीओ ने किया संभावित बाल विवाह को प्रतिषेध

**जामा :** बाल विवाह निषेध पदाधिकारी सह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी डॉ० विवेक किशोर ने गुरुवार को चाइल्ड हेल्पलाइन द्वारा प्राप्त बाल विवाह की सूचना पर त्वरित संज्ञान लेते हुए संभावित बाल विवाह को प्रतिषेध किया। विदित हो कि दिनांक 17.06.2025 को चाइल्ड हेल्पलाइन दुमका को विश्वनीय सूत्रों के माध्यम से ज्ञात हुआ था कि जिले के जामा प्रखण्ड अन्तर्गत 16 वर्षीय बालिका का बाल विवाह बालिका के अभिभावक द्वारा कराया जा रहा है। चाइल्ड हेल्पलाइन द्वारा मामले को गंभीरतापूर्वक लेते हुए अविलंब उक्त मामले की सूचना बाल विवाह निषेध पदाधिकारी सह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी डॉ. विवेक किशोर को दी गयी। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी डॉ. विवेक किशोर ने अपने अधीनस्थ कर्मियों को वस्तुस्थिति का सत्यापन करते हुए संभावित बाल विवाह को प्रतिषेध करने का आदेश जारी किया। चाइल्ड हेल्पलाइन की तत्परता एवं प्रखण्ड कार्यालय जामा के संयुक्त सहयोग से संभावित बाल विवाह को प्रतिषेध किया गया। बालिका के अभिभावक द्वारा सीएमपीओ को वचन पत्र दिया कि हमलोग अपनी पुत्री का विवाह 18 वर्ष पूर्ण होने के पश्चात ही करेंगे। बाल विवाह प्रतिषेध करने में प्रखण्ड कार्यालय जामा से सुपरवाइजर सुशीला मुर्मू, चाइल्ड हेल्पलाइन के परियोजना समन्वयक मो० शमीम अंसारी, निक्कू कुमार साह, ग्राम ज्योति से मुकेश कुमार दुबे, पवन कुमार यादव, पंचायत प्रतिनिधि मुखिया बसंती मुर्मू, ग्राम प्रधान एवं ग्रामीणों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### कंट्रोल रूम पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित निष्पादन करेंगे : उपायुक्त

दुमका : जिले के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में गुरुवार को पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल संख्या-01/02 दुमका का चापाकल / नलकूप एवं जलमीनार योजना से संबंधित समस्याओं का निदान हेतु जिला स्तर पर निर्मित कंट्रोल रूम के पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ पेयजल संबंधित शिकायत एवं उसके निष्पादन हेतु समीक्षा बैठक की गई।

बैठक में उपायुक्त श्री सिन्हा के ने निदेश दिया गया कि कंट्रोल रूम पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित निष्पादन हेतु सभी संबंधित आवश्यक कार्रवाई करेंगे। उक्त समीक्षा के कम में प्रशिक्षु आईएएस नाजिस उमर अंसारी, जिला पंचायतीराज पदाधिकारी दुमका, कार्यपालक दण्डाधिकारी, दुमका सभी प्रखंडो के नोडल कर्मी, डीपीएम दुमका, मौजूद थे।

### विश्वविद्यालय समय पर नामांकन प्रक्रिया संपन्न करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है : कुलपति

दुमका : सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका के कुलपति प्रो. कुनुल कंदिर ने कहा कि विश्वविद्यालय परीक्षा बोर्ड द्वारा लिया गया यह निर्णय छात्र हित में एक अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा, ₹इस निर्णय का उद्देश्य मूल्यांकन प्रक्रिया को तेज करना और परीक्षा परिणामों की त्वरित घोषणा सुनिश्चित करना है, जिससे वर्तमान में विलंबित सत्रों को नियमित किया जा सके।₹

कुलपति ने आगे कहा कि विश्वविद्यालय का लक्ष्य परीक्षा कैलेंडर का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करना है ताकि छात्रों को समय पर डिग्री प्राप्त हो सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि विश्वविद्यालय समय पर नामांकन प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

### अवैध शराब के विरूद्ध छापामारी

**सिमडेगाः** जिला के विभिन्न थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी के नेतृत्व में अवैध शराब के विरूद्ध छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। सिमडेगा जिला में अवैध शराब की रोकथाम के लिए लगातार जागरूकता एवं छापामारी अभियान चलाया जा रहा है, इसी क्रम में पिछले सप्ताह दिनांक- 12.06.25 से 18.06.25 तक थाना प्रभारी के नेतृत्व में 1. सिमडेगा थाना क्षेत्र के जोकबहार, बीरू नवाटोली, तामड़ा, बड़ा बरपानी, डेली मार्केट, सलडेगा 2. टी0टांगर थाना क्षेत्र के जोराम कुम्हारटोली, जोराम पतराटोली, 3. कोलेबिरा थाना क्षेत्र के कालोटोली, जामटोली, रसिया , बोंगराम, 4. जलडेगा थाना के कोनमेरला सरदारटोली, गांगुटोली, पतीआमबा , खरवागढ़ा, परबा, 5. महाबुआंग थाना के डूमरटोली, 6. केरसई थाना के गोरार जोर कुमबाटोली, करमटोली, रुसू 7. पाकरटांड़ थाना क्षेत्र के कोबांग, क्रुशकेला, 8. पाकरटांड़ के टकबा, 9. रेंगारीह थाना के कॉनबेगी, चिडराटोली 10. मुफस्सिल थाना के कुल्लुकेरा नायक टोली, टैसेरा तुरी टोली 11. बांसजोर ओ0पी0 के राम जड़ी दर्जी टोली 12. गिरदा ओ0पी0 के हुरदा, कोहिपाट में अवैध शराब के विरूद्ध छापामारी अभियान चलाया गया है। अभियान के दौरान आठ सौ तीस (830) किलोग्राम जावा महुवा तथा चार (30) तीस लीटर अवैध देशी शराब विनष्ट किए गए हैं, और अवैध शराब बनाने के लिए उपयोग होने वाली भट्ठी को भी विनष्ट किया गया है।

### नशा विरोधी जागरूकता अभियान सफलतापूर्वक संपन्न

**दुमका :** जिले केकमरदुधानी तीरंदाजी अकादमी के प्रशासनिक भवन में गुरुवार को जिला खेल पदाधिकारी तुफान कुमार पोद्दार के नेतृत्व में एक सफल नशा विरोधी जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों के बीच एक पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें उन्होंने नशे के दुष्प्रभाव, नशे से बचाव और इससे मुक्ति के उपायों को रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत करते हुए समाज को जागरूक करने एवं अपने आस-पास के लोगों को नशे से दूर रहने हेतु प्रतिबद्धता जतायी! प्रतियोगिता में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस तीरंदाजी केंद्र एवं रेजीडेंसी तीरंदाजी केंद्र, कमरदुधानी के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस पहल का उद्देश्य युवा खिलाड़ियों में नशे के विरुद्ध जागरूकता फैलाना और उन्हें नशा मुक्त जीवन के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में जिला खेल कार्यालय, दुमका की ओर से ललित झा (ऊउ), रंजन मुर्मू (ऊछळर), सुमित मिश्रा, देविदान टुडू और माणिक हेम्ब्रम (कोच) भी मौजूद रहे। साथ ही सुबोध बास्की एवं संजय हेम्ब्रम (खेलमित्र) ने भी कार्यक्रम में अपनी सक्रिय भागीदारी दी।

# नीति आयोग के इंडिकेटरों की हुई समीक्षा बैठक

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**सिमडेगा :** उपायुक्त कंचन सिंह की अध्यक्षता में नीति आयोग के तहत संचालित विभिन्न इंडिकेटरों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखंड बासजोर के अंतर्गत चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की गहन समीक्षा की गई।

बांसजोर प्रखंड के आकांक्षी प्रखंड फेलो ने मई 2025 तक की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि दिसंबर 2024 की राष्ट्रीय रैंकिंग में बांसजोर प्रखंड ने देशभर के 500 आकांक्षी प्रखंडों में 65वां स्थान प्राप्त किया है। साथ ही उन्होंने आशा व्यक्त की कि मार्च और जून 2025 की डेल्टा रैंकिंग में प्रखंड और भी बेहतर प्रदर्शन करेगा। हालांकि, डेल्टा रैंकिंग अभी नीति आयोग द्वारा जारी नहीं की गई है।

बैठक में पिरामल फाउंडेशन की ओर से मई माह की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। उपायुक्त ने बैठक में स्वास्थ्य विभाग को



बांसजोर प्रखंड में प्रमाण प्राप्त करने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं के प्रथम त्रैमासिक पंजीकरण की दर में सुधार के लिए ठोस और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।

शिक्षा विभाग को सभी विद्यालयों में अरएफ मूल्यांकन पद्धति अपनाकर विद्यार्थियों की बुनियादी साक्षरता और गणितीय क्षमता में सुधार करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने विशेष रूप से बंसीजोर प्रखंड में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और अन्य क्षेत्रों में ठोस सुधार लाने हेतु सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने को कहा।

बैठक में जिला योजना पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, सिविल सर्जन, डीपीएम-जेएसएलपीएस, जिला पेयजल एवं स्वच्छता पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी (बंसीजोर), फेलो-पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय में आयोजित परीक्षा बोर्ड की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न



**दुमका :** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका में गुरुवार को परीक्षा बोर्ड की एक अहम बैठक कुलपति प्रो. कुनुल कंदिर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो. बिमल प्रसाद सिंह सहित बोर्ड के अन्य सदस्य उपस्थित थे। बैठक में एनईपी (राष्ट्रीय शिक्षा नीति) के अंतर्गत संचालित स्नातक पाठ्यक्रमों के छात्रों के हित में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। निर्णय के अनुसार अब यूजी के सभी सेमेस्टरों में कॉमन कोर्स की परीक्षाएं ऑब्जेक्टिव मोड में ओएमआर शीट पर ली जाएंगी। यह निर्णय मूल्यांकन प्रक्रिया को तेज करने और परीक्षाओं के परिणामों की त्वरित घोषणा के उद्देश्य से लिया गया है, जिससे वर्तमान में विलंबित सत्रों को नियमित किया जा सके। विश्वविद्यालय में वर्तमान में एनईपी के अंतर्गत तीन सत्र संचालित हो रहे हैं, जो विभिन्न कारणों से कुछ हद तक विलंबित हैं। इस निर्णय से उम्मीद जताई जा रही है कि अब सत्र नियमित हो सकेंगे। बैठक में यह भी तय किया गया कि एनईपी के अंतर्गत संचालित यूजी पाठ्यक्रमों के एमडीसी (मल्टी-डिसिप्लिनरी कोर्स), एबिलिटी एन्हांसमेंट कोर्स, स्किल एन्हांसमेंट कोर्स और वैल्यू एडेड जैसे कोर्स की परीक्षाएं अब ओएमआर आधारित ऑब्जेक्टिव मोड में आयोजित होंगी। हालांकि, मेजर और माइनर विषयों की परीक्षाएं पूर्व की भांति सब्जेक्टिव मोड में ही आयोजित की जाएंगी।

गौरतलब है कि विश्वविद्यालय द्वारा बीते दो वर्षों से सत्रों को नियमित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। लेकिन एनईपी के तहत विषयों की बढ़ी हुई संख्या और मूल्यांकन प्रक्रिया में लगने वाले अतिरिक्त समय के कारण कई सत्र अभी भी विलंब से चल रहे हैं। ऐसे में यह निर्णय विद्यार्थी हित में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है।

बैठक में पीएचडी के कुछ छात्रों के आवेदनों पर भी विचार किया गया एवं आवश्यक निर्णय लिए गए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. जेनेन्द्र यादव, सीसीडीसी डॉ. अब्दुस सत्तार, सामाजिक विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के डीन डॉ. टीपी सिंह, विज्ञान संकाय के डीन डॉ. संजय कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ. जयकुमार शाह, परीक्षा ओएसडी डॉ. इन्द्रनील मंडल, ओएसडी पीएचडी डॉ. इन्द्रनील मंडल, जनसंपर्क पदाधिकारी प्रो. दीपक कुमार दास व मनोज आदि उपस्थित थे।

### नप के सफाईकर्मियों अपने कर्तव्य का निर्वहनकर एक अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया



**कमल केसरी**

चक्रधरपुर में निरंतर दो दिनों से मूसलाधार बारिश के कारण पूरे शहर में पानी का जल जमाव एवं कचरो का अंबार देखा गया किंतु चक्रधरपुर नगर परिषद के सफाई कर्मियों ने जिस मुस्तैदी और कर्तव्य निष्ठा के साथ तेज बारिश के बीच भी भींगते हुए अपने कार्यों के प्रति जवाब देही प्रदर्शित किया हुआ निश्चित तौर पर काबिले तारीफ है एक और जहां तेज बारिश के फल स्वरुप लोग घर में रहने को विवश हुए हैं वहीं नगर परिषद के सफाई कर्मियों ने तेज बारिश के बीच अपने कार्यों को पूरे मुस्तैदी के साथ करते दिखे उनके कार्यों को देखकर लोग के मुंह से बरबस यह शब्द निकल पड़े यह भी निश्चित तौर पर नायक ही हैं जिनके कार्यों से तेज बारिश के दौरान भीसफाई व्यवस्था बेहतर ढंग से संपादित होती है

## प्रखंडों में साप्ताहिक रूप से आयोजित हो रहा है जन शिकायत निवारण दिवस

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गुमला :** गुमला उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निदेर्शानुसार जिले के सभी प्रखंडों में नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु नियमित रूप से जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य जिले के आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान प्रखंड स्तर पर, सुलभ व समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करना है।

इसी क्रम में दिनांक 19 जून 2025 को प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय चैनपुर में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी चैनपुर यादव बैठा की अध्यक्षता में जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 34 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 31 मामलों का ऑन द स्पॉट त्वरित निष्पादन मौके पर ही किया गया।

ज्ञात हो कि उपायुक्त के निदेर्शानुसार प्रत्येक मंगलवार एवं



शनिवार को जिला स्तर पर स्वयं उपायुक्त की अध्यक्षता में जन शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया जाता है, वहीं सभी प्रखंड मुख्यालयों में भी साप्ताहिक आधार पर यह कार्यक्रम अनिवार्य रूप से संचालित हो रहा है।

इसके अतिरिक्त, ई-जन शिकायत पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा भी नागरिक सीधे उपायुक्त से संवाद कर सकते हैं। साथ ही उपायुक्त एवं वरीय पदाधिकारियों द्वारा नियमित क्षेत्र भ्रमण कर नागरिकों से सीधे संवाद के माध्यम से समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है।

जिला प्रशासन आम नागरिकों से अपील करता है कि वे जन शिकायत निवारण दिवस में भाग लेकर अपनी समस्याएं प्रस्तुत करें एवं सरकार की कल्याण कारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ लें, साथ ही विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूक रहें।

## सदर अस्पताल में एसडीओ ने स्वास्थ्य सेवाओं का किया निरीक्षण

**गुमला :** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निदेर्शानुसार सदर अस्पताल गुमला में स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी और गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु जिले के वरीय पदाधिकारियों को कार्य दिवस आवंटित करते हुए निरीक्षण का दायित्व सौंपा गया है। इसी क्रम में दिनांक 19 जून 2025 को अनुमंडल पदाधिकारी राजीव नीरज द्वारा गुरुवार के निर्धारित दिवस पर सदर अस्पताल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपाधीक्षक सदर अस्पताल भी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के क्रम में अस्पताल परिसर में अनाधिकृत वाहनों के प्रवेश और पार्किंग व्यवस्था पर असंतोष व्यक्त किया गया। प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी की अनुपस्थिति पर कारण पृच्छा का निर्देश उपाधीक्षक को दिया गया और अस्पताल परिसर में ट्रैफिक नियंत्रण को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने की बात कही गई।

निबंधन केंद्र में मरीजों की लंबी कतारें देखी गईं। कर्मियों द्वारा बताया गया कि इंटरनेट कनेक्टिविटी में समस्या के कारण निबंधन में देरी हो रही है। इस पर उपाधीक्षक को निर्देश दिया गया कि इंटरनेट व्यवस्था को अविलंब दुरुस्त कराया जाए ताकि मरीजों को परेशानी न हो।

रक्त संग्रहण केंद्र में प्रतिदिन 40 से 50 सैंपल संग्रहित करने का लक्ष्य बताया गया। निरीक्षण के समय तक सामान्य, एएनसी और बीपीएल श्रेणी के कुल 40 सैंपल एकत्रित किए जा चुके थे। अस्पताल के रसोईघर की सफाई व्यवस्था असंतोषजनक पाई गई। उपाधीक्षक को निर्देशित किया गया कि गीले और सूखे कचरे के लिए दो अलग-अलग ड्रम की व्यवस्था की जाए और किचन की सफाई नियमित रूप से कराई जाए।

अल्ट्रासाउंड के संचालन में टेक्नीशियन की अनुपस्थिति की जानकारी दी गई। वर्तमान में लेबर रूम में तैनात चिकित्सक द्वारा यह कार्य किया जा रहा है।

स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट में 30 नवजात शिशु भर्ती हैं। यूनिट के प्रवेश द्वार पर सीसीटीवी कैमरा नहीं लगा है। सुरक्षा की दृष्टि से इस स्थान पर तत्काल कैमरा लगाए जाने का निर्देश दिया गया। मेटरनिटी वार्ड के आसपास भी सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने की आवश्यकता महसूस की गई। उपाधीक्षक को इस दिशा में भी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। सीटी स्कैन सेंटर में प्रतिदिन 25 स्कैन का लक्ष्य है। निरीक्षण के समय तक मात्र दो मरीजों के पर्ची प्राप्त हुए थे। उपलब्ध स्टाफ से जानकारी प्राप्त की गई। निरीक्षण उपरांत अनुमंडल पदाधिकारी, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के कक्ष में पहुंचे जहां उपस्थित चिकित्सकों ने बताया कि रात्रि के समय कभी-कभी मरीजों के साथ शराब का सेवन किए हुए व्यक्ति अस्पताल में आते हैं और चिकित्सकों व कर्मियों से दुर्व्यवहार करते हैं। वर्तमान में अस्पताल में 10 गृह रक्षक तैनात हैं, जिनमें तीन महिला गृह रक्षक शामिल हैं। सुरक्षा की दृष्टि से गृह रक्षकों की संख्या बढ़ाए जाने और लेबर रूम एवं एसएनसीयू यूनिट में अलग से गार्ड तैनात किए जाने की आवश्यकता जताई गई।

## गुमला में विश्व सिकल सेल दिवस पर जागरूकता रैली और सेमिनार का आयोजन

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गुमला :** गुमला जिला मुख्यालय में विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर गुमला जिले में सिकल सेल रोग को लेकर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर लोगों को समय पर जांच, इलाज और बचाव के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम की शुरूआत सिकल सेल जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने से हुई। इस रथ को एसडीओ सदर राजीव नीरज, सिविल सर्जन नवल कुमार, एसीएमओ और डीआरसीएचओ डॉ. सुनील राम ने संयुक्त रूप से रवाना किया। यह रथ गांव-गांव जाकर लोगों को सिकल सेल रोग के बारे में जानकारी देगा और जांच के लिए प्रेरित करेगा।

इसके बाद कौशल विकास नर्सिंग कॉलेज में एक सेमिनार आयोजित हुआ, जिसमें प्राचार्य मेजर नीरजा, शिक्षकगण और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए। इस



दौरान सीएचओ की टीम द्वारा सभी विद्यार्थियों की स्क्रीनिंग भी की गई, जिससे उन्हें व्यावहारिक जानकारी भी मिली।

सेमिनार में डॉ. सुनील (एम.डी. पैथोलॉजी) और यूनिसेफ कंसल्टेंट पवन ने सिकल सेल रोग की पहचान, इलाज और बचाव के बारे में सरल और उपयोगी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सॉल्युबिलिटी टेस्ट और हाइड्रॉक्सीयूरिया दवा से इस बीमारी को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। साथ ही, समुदाय में लगातार जागरूकता जरूरी है ताकि यह बीमारी अगली पीढ़ी में न फैले।

सिविल सर्जन ने कहा कि शादी से पहले सिकल सेल की जांच उतनी ही जरूरी है जितनी कुंडली मिलान, ताकि सही निर्णय लिया जा सके।

एसडीओ गुमला ने बिशुनपुर और बसिया प्रखंडों में 100% स्क्रीनिंग की सराहना की और स्वास्थ्य विभाग की सक्रियता को सराहा।

एसीएमओ डॉ. डी. सुंब्रुई ने अभिभावकों से अपील की कि वे सिकल सेल से ग्रसित बच्चों के लिए निःशुल्क इलाज, जांच और दिव्यांग प्रमाणन जैसी सुविधाओं का लाभ जरूर लें।

उक्त कार्यक्रम कौशल विकास नर्सिंग एस. कॉलेज परिसर में संपन्न हुआ,

कार्यक्रम का समापन प्राचार्य मेजर नीरजा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने कहा कि यह सेमिनार भावी नर्सिंग स्टाफ के लिए बहुत उपयोगी रहा और उन्होंने जिला प्रशासन की इस पहल की सराहना की।